RNINo.UPHIN/2016/70293

हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र

अमित रेखा

वर्ष 05 | अंक 239 | कुशीनगर | बुधवार 30 जून, 2021 | पृष्ठ 8 | मूल्य 1 रूपये

राजधानी लखनऊ से महामहिम: कोविंद बोले... आज लोग हिंदू–मुस्लिम करते हैं, बाबा साहब कहते थे

हम सब पहले और बाद में भी केवल भारतीय हैं

लखनऊ,(एजेंसी)। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर स्मारक और सांस्कृतिक केंद्र का शिलान्यास करने के लिए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद लोकभवन पहुंच गए हैं। यहां उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज लोग राजनीति करते हैं। हिंदू–मुस्लिम करते हैं, लेकिन बाबा साहब भीम राव अंबेडकर हमेशा कहा करते थे कि भारत में रहने वाला हर शख्स पहले और बाद में भी केवल भारतीय है। राष्ट्रपति ने योगी सरकार की तारीफ भी की। कहा मौजूदा सरकार बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ा रही है। राष्ट्रपति ने क्या कहा ? बाबा साहब के श्विजनश में चार बातें सबसे महत्वपूर्ण रहीं हैं। ये चार बातें हैं – श्नैतिकताश, श्समताश, श्आत्म–सम्मानश और श्भारतीयताश। इन चारों आदर्शों तथा जीवन मूल्यों की झलक बाबासाहब के चिंतन एवं कार्यों में दिखाई देती है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर एक शिक्षाविद, अर्थ–शास्त्री, विधिवेत्ता, राजनीतिज्ञ, पत्रकार, समाज–शास्त्री व समाज सुधारक तो थे ही, उन्होंने संस्कृति, धर्म और अध्यात्म के क्षेत्रों में भी अपना अमूल्य योगदान दिया है। भारतीय संविधान के शिल्पकार होने के अलावा, हमारे बैंकिंग, इरिगेशन, इलेक्ट्रिसिटी सिस्टम, लेबर मैनेजमेंट सिस्टम, रेवेन्यू शेयरिंग सिस्टम, शिक्षा व्यवस्था आदि सभी क्षेत्रों पर डॉक्टर आंबेडकर के योगदान की छाप है। भारत सरकार द्वारा बाबा साहब से जुड़े महत्वपूर्ण स्थानों को तीर्थ–स्थलों के रूप में विकसित किया गया है। महू में उनकी जन्म–भूमि, नागपुर में दीक्षा–भूमि, दिल्ली में परिनिर्वाण–स्थल, मुंबई में चौत्य–भूमि तथा लंदन में श्अंबेडकर मेमोरियल होमश को तीर्थ–स्थलों की श्रेणी में रखा गया है। लखनऊ शहर से बाबा साहब अंबेडकर का भी एक खास संबंध रहा है, जिसके कारण लखनऊ को बाबा साहब की श्स्नेह–भूमिश भी कहा जाता है। बाबा साहब के लिए गुरु–समान, बोधानन्द जी और उन्हें दीक्षा प्रदान करने वाले भदंत प्रज्ञानन्द जी, दोनों का निवास लखनऊ में ही था। बाबा साहब, आधुनिक भारत के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका के पक्षधर थे। वे महिलाओं को समान अधिकार दिलाने के लिए सदैव सक्रिय रहे। बाबा साहब द्वारा रचित हमारे संविधान में आरंभ से ही मताधिकार समेत प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं को समान अधिकार प्रदान किए गए हैं। आज महिलाओं के संपत्ति पर उत्तराधिकार जैसे अनेक विषयों पर बाबा साहब द्वारा सुझाए गए मार्ग पर ही हमारी विधि–व्यवस्था आगे बढ़ रही है। इससे यह स्पष्ट होता है कि बाबा साहब की दूरदर्शी सोच अपने समय से बहुत आगे थी। लोकसभवन में बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद। लोकसभवन में बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद। राष्ट्रपति के दौरे का आखिरी दिन उत्तर प्रदेश के पांच दिवसीय दौरे का आज आखिरी दिन है। भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र का शिलान्यास करने के बाद शाम 4रू30 बजे रामनाथ कोविंद परिवार के साथ विशेष विमान से दिल्ली वापस लौट जाएंगे। 1.4 एकड़ में बनेगा अंबेडकर स्मारक और सांस्कृतिक केंद्र यूपी सरकार के द्वारा राजधानी लखनऊ के ऐशबाग क्षेत्र में 1.4 एकड़ जमीन पर भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र बनाया जाएगा। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद राज्यपाल और आनंदीबेन की मौजूदगी में शिलान्यास करेंगे। ये होंगी सुविधाएं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 25 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। बाबा साहेब की पवित्र अस्थियों का कलश दर्शन के लिए स्थापित किया जाएगा। यहां पर पुस्तकालय, शोध केंद्र, 750 लोगों की क्षमता का अत्याधुनिक प्रेक्षागृह और आभासी संग्रहालय का निर्माण भी किया जाएगा।

यूपी में आई नई गाइडलाइन

100 प्रतिशत अटेंडेंस हुई अनिवार्य सभी सरकारी कर्मचारियों को ऑफिस जाना होगा

हाजिरी हुई अनिवार्यय जहां संक्रमण वहां डीएम लेंगे फैसला

उत्तर प्रदेश में सरकारी दफ्तरों में पुरानी व्यवस्था बहाल

1 कर्मचारी कार्यालय आएंगे। भीड़ न होने पाए, इसका ख्याल रखना होगा।

2 सभी के मोबाइल पर आरोग्य सेतु ऐप होगा।

3 संक्रमण प्रभावित क्षेत्र में कार्यालय खोलने या बंद करने का फैसला जिला प्रशासन करेगा।

लखनऊ,(एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सरकारी दफ्तरों को लेकर नई गाइडलाइन जारी की है। अब सभी सरकारी कार्यालय 100 फीसदी क्षमता के साथ खोले जाएंगे और सभी कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। राज्य सरकार ने कोरोना से सुधरते हालात को देखते हुए ये फैसला लिया है। मंगलवार को प्रदेश में 174 नए केस सामने आए। जबकि 254 मरीज ठीक हुए। एक्टिव केस भी तीन हजार से कम हो गए हैं। वर्तमान में 2,946 केस एक्टिव यानी इनका इलाज चल रहा है। कोरोना प्रोटोकॉल का करना होगा पालन, आरोग्य सेतु ऐप अनिवार्य राज्य सरकार के द्वारा जारी किए गए निर्देश में सभी कार्यालय 100: कर्मचारियों के साथ खुलेंगे। संक्रमण की रोकथाम के लिए कार्यालयों में भीड़–भाड़ ना हो उसका ख्याल रखा जाएगा। प्रत्येक कर्मचारी अपने मोबाइल पर आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड कर उसका उपयोग करेंगे। संक्रमण से प्रभावित क्षेत्रों में कार्यालयों को बंद करने या उसमें उपस्थिति के संबंध में जिला प्रशासन के स्तर पर फैसला लिया जाएगा। तीसरी लहर से निपटने के लिए बढ़ा रहे संसाधन यूपी सरकार के द्वारा ऑक्सीजन उपलब्धता में आत्मनिर्भर करते हुए अब तक नए 121 ऑक्सीजन प्लांट लगाए हैं। अब यूपी में कुल 528 प्लांट पर तेजी से काम किया जा रहा है। आबकारी, चीनी उद्योग और गन्ना विकास विभाग ऑक्सीजन जेनरेटर के माध्यम से 15 फीसदी ऑक्सीजन उपलब्ध करा रहा है। 3250 बेडों पर ऑक्ष्सीजन की आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से सटे 80 अस्प्तालों में लग रहे ऑक्सीजन जेनरेटर्स, एक–एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला अस्पताल चयनित किया जाए। संभावित तीसरी लहर को देखते हुए मेडिकल कॉलेजों में 5,900 पीडियाट्रिक आईसीयू (पीकू) से अधिक बेड तैयार किए गए हैं। कुछ बड़ी बातें प्रदेश में त्ज–च्ब की नई 11 लैब जल्द खुलेगी। तीन माह में 30 अन्य जिलों में भी प्रयोगशालाएं लगेगी। 50 लाख से अधिक बच्चों को निरूशुल्क मेडिसिन किट दी जा रही है। 70 हजार से अधिक निगरानी समितियों ने 17,22,79,220 घरों की स्क्रीनिंग की गई हैं। 71 लाख मेडिकल किटें वयस्कों को भी निशुल्क दी जा रही हैं। कोरोना के नए वैरिएंट डेल्टा प्लस को लेकर यूपी सरकार अलर्ट यूपी में अभी तक कोरोना के नए वैरिएंट डेल्टा प्लस के किसी केस की पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि, हालात पर पैनी निगाह रखी जा रही है। डेल्टा प्लस संक्रमण वाले राज्यों से आने वाले लोगों की निगरानी और टेस्टिंग तेज करने के साथ दूसरे राज्यों से सटे जिलों में जीनोम सिक्वेंसिंग की जा रही हैं। केजीएमयू लखनऊ और वाराणसी बीएचयू में नमूनों की जीनोम सिक्वेंसिंग हो रही है। जल्द ही गौतमबुद्धनगर सहित अन्य जिलों में भी होगी। सबसे पहले कोरोना मुक्त होने वाले और शत प्रतिशत टीका लगवाने वाले जिले पुरस्कृत होंगे।

ईंधनों की कीमत में हर दिन उछाल

लखनऊ,(एजेंसी)। पिछले 37 दिन में पेट्रोल के दाम एक–एक दो–दो पैसा कर करीब 6 रुपए प्रति लीटर तक महंगा हो गया है। वहीं, डीजल की बात करे तो वह भी करीब 4 रुपए प्रति लीटर महंगा हुआ है। – क्ंपदपा ठीींत पिछले 37 दिन में पेट्रोल के दाम एक–एक दो–दो पैसा कर करीब 6 रुपए प्रति लीटर तक महंगा हो गया है। वहीं, डीजल की बात करे तो वह भी करीब 4 रुपए प्रति लीटर महंगा हुआ है। पेट्रोल और डीजल के रेट लगातार बढ़ते जा रहे हैं। लखनऊ में मंगलवार को पेट्रोल के दाम में 34 पैसे और डीजल के दाम में 28 पैसे की बढ़ोत्तरी हुई है। इसके बाद पेट्रोल की कीमत 95.97 रुपए प्रति लीटर तो डीजल 89.64 रुपए प्रति लीटर बिका। पंचायत चुनाव के बाद पिछले 37 दिन में पेट्रोल के दाम एक–एक, दो–दो पैसा कर करीब 6 रुपए प्रति लीटर तक बढ़ाए गए। वहीं, डीजल की बात करे तो वह भी करीब 4 रुपए प्रति लीटर महंगा हुआ है। हालांकि पड़ोसी राज्यों से यूपी में पेट्रोल–डीजल सस्ता है। यदि सिर्फ जून माह की बात करें तो डीजल–पेट्रोल की कीमत में 16 बार बदलाव आया है। ईंधन की कीमतें बढ़ने इसकी वजह से माल भाड़ा और महंगाई बढ़ने लगी है। कारोबारियों का कहना है कि किराया बढ़ना शुरू हो गया है। इसमें सबसे ज्यादा असर लोकल सामान ढोने वालों पर पड़ा है। लखनऊ में जो भाड़ा पहले 600 रुपए था उसके लिए अब 700 से 750 रुपए तक खर्च करने पड़ रहे हैं। पड़ोसी राज्यों में कितना रेट

राज्य	पेट्रोल	डीजल
बिहार	100.81	94.52
पंजाब	100.69	91.87
दिल्ली	98.46	89.19
छत्तीसगढ़	96.92	96.45

ट्रैवेल वालों ने भी बढ़ाया रेट टूर एंड ट्रैवल का काम करने वाले राजीव शुक्ला बताते हैं कि डीजल और पेट्रोल महंगा होने से प्रति किलोमीटर पर दो रुपये तक का रेट बढ़ गया है। उन्होंने बताया आने वाले दिनों में यह रेट और बढ़ेगा।

गुजरात में टीके की भारी कमी: कांग्रेस

अहमदाबाद,(एजेंसी)। गुजरात में सोमवार को विपक्षी कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भारतीय जानता पार्टी (भाजपा) के लंबे–चौड़े दावों के बावजूद, टीकाकरण कार्यक्रम के कुप्रबंधन और खराब योजना के कारण राज्य में लोगों को कोरोना वायरस के टीके नहीं मिल रहे हैं। गुजरात भाजपा अध्यक्ष सी आर पाटिल ने कांग्रेस के आरोप का खंडन करते हुएकहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से लोगों को टीके मिल रहे हैं क्योंकि भारतीय कंपनियां टीका उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गयी हैं। इससे पहले दिन में, गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष अमित चावडा ने आंकड़ों का हवाला देते हुए टीकाकरण में भाजपा सरकार की ओर से कुप्रबंधन और खराब योजना का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि एक लाख खुराक की मांग के मुकाबले, अहमदाबाद शहर को केवल 10,000 खुराक मिलती है। केवल एक सप्ताह में, गुजरात टीकाकरण के मामले में गिरकर देश में सातवें स्थान पर चला गया है। उन्होंने आरोप लगाया, लोगों को लंबी कतारों में खड़े रहने के बावजूद टीका नहीं मिल रहा है। यह वास्तविकता है, जो सरकार के बड़े–बड़े दावों के बिल्कुल विपरीत है।

सीएम योगी की अगुवाई में लड़ेंगे यूपी विधानसभा चुनाव: हेमा मालिनी

मथुरा,(एजेंसी)। मथुरा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद हेमा मालिनी ने कहा है

कि वर्ष 2022 का उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। मालिनी ने एक सवाल के जवाब में रविवार को संवाददाताओं से कहा, उत्तर प्रदेश का अगला विधानसभा चुनाव योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। आदित्यनाथ ने पिछले चार वर्षों में उत्तर प्रदेश का सराहनीय विकास किया है।

सुप्रीम कोर्ट ने 31 जुलाई तक राशन योजना लागू करने का आदेश दिया

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को 31 जुलाई तक 'एक देश, एक राशन कार्ड योजना' लागू करने का मंगलवार को निर्देश दिया जबकि केंद्र को कोविड–19 की स्थिति जारी रहने तक प्रवासी मजदूरों को निरूशुल्क वितरण के लिए सूखा राशन उपलब्ध कराने को कहा। न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एम आर शाह की पीठ ने तीन कार्यकर्ताओं की याचिका पर कई निर्देश पारित किए जिसमें केंद्रों और राज्यों को प्रवासी मजदूरों के लिए खाद्य सुरक्षा, नकदी हस्तांतरण और अन्य कल्याणकारी उपाय सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। याचिका में कहा गया कि प्रवासी मजदूर कोविड–19 की दूसरी लहर के दौरान देश के विभिन्न हिस्सों में कर्फ्यू और लॉकडाउन लगाए जाने के कारण संकट का सामना कर रहे हैं। पीठ ने केंद्र को 31 जुलाई तक असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के पंजीकरण के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) की मदद से एक पोर्टल विकसित करने को कहा ताकि कल्याण योजनाओं का लाभ उन्हें दिया जा सके। इसने राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों को संबंधित राज्यों में वैश्विक महामारी की स्थिति जारी रहने तक प्रवासी मजदूरों के लिए सामुदायिक रसोईघरों का संचालन करने का भी निर्देश दिया। पीठ ने महामारी की स्थिति बनी रहने तक प्रवासी मजदूरों के बीच मुफ्त वितरित करने के लिए केंद्र को राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अनाज आवंटित करते रहने को कहा।

राहुल गांधी का बयान

वित्त मंत्री सीतारमण ओर से घोषित पैकेज 'एक और ढकोसला'

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से 1.1 लाख करोड़ रुपये की रिण गारंटी योजना समेत कई कदमों की घोषणा किए जाने को 'एक और ढकोसला' करार देते हुए मंगलवार को कहा कि इस 'आर्थिक पैकेज' से कोई परिवार अपने रहने, खाने, दवा और बच्चे की स्कूल की फीस का खर्च वहन नहीं कर सकता। उन्होंने ट्वीट किया, ''वित्त मंत्री के 'आर्थिक पैकेज' से कोई परिवार अपने रहने–खाने–दवा–बच्चे की स्कूल फीस का खर्च्च वहन नहीं कर सकता। पैकेज नहीं, एक और ढकोसला!'' पूर्व वित्त मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने कहा, ''कुछ बुनियादी सच्चाईरू कोई बैंकर कर्ज के बोझ तले दबे कारोबार को ऋण नहीं देगा। कर्ज के बोझ से दबे या नगदी की किल्लत का सामना कर रहे कारोबार अब और अधिक कर्ज नहीं चाहते। उन्हें कर्ज से इतर पूंजी की जरूरत है।'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया, ''उस स्थिति में मांग (उपभोग) से अर्थव्यवस्था में गति नहीं आएगी जहां नौकरियां खत्म हो गई हों और आय कम हो गई हो। इस संकट का एक समाधान यह है कि लोगों के हाथ में पैसे दिए जाएं, खासकर गरीबों और मध्यम वर्ग की मदद की जाए।

गुटों में बटें माध्यमिक शिक्षकों को एकजुट करने का लिया संकल्प: डा हरिप्रकाश

प्रयागराज। प्रदेश भर से आए माध्यमिक शिक्षकों और बेसिक शिक्षकों की बैठक सेवा समिति विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में डॉ हरि प्रकाश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष अटेवा के अध्यक्षता में हुई। बैठक में माध्यमिक शिक्षा विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा हुई सभी ने एक स्वर में कहा कि उक्त समस्याओं को हल करने, कराने के लिए सभी शिक्षकों को एकजुट होकर आवाज उठाना होगा इसलिए विभिन्न गुटों में बंटे माध्यमिक शिक्षकों को एक साथ जोड़ने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (एकजुट) की स्थापना करने का निर्णय लिया गया। शिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉ हरि प्रकाश यादव ने कहा कि हम लोगों ने पुरानी पेंशन बहाली के लिए सभी विभागों के कर्मचारियों, शिक्षकों को एकजुट किया है उसी प्रकार माध्यमिक शिक्षकों को भी एकजुट करके संघर्ष किया जाएगा । बैठक में नये संगठन का संरक्षक डा हरि प्रकाश यादव को, प्रदेश अध्यक्ष श्रवण कुमार कुशवाहा, महामंत्री राजीव यादव, उपाध्यक्ष उपेंद्र वर्मा, सुफियान अहमद, ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, कविता सिंह को मनोनीत किया गया। इसी प्रकार से प्रदेश मंत्री सुनील सिंह, अखिलेश राजपूत, धर्म सिंह भदौरिया को, कोषाध्यक्ष विजेंद्र वर्मा ,संगठन मंत्री डा भूरी सिंह, सुरेश कुमार पासी, मीडिया प्रभारी सुधाकर ज्ञानार्थी को, कार्यकारी सदस्य घनश्याम तिवारी, आशुतोष विक्रम, सरिता सिंह और स्मिता पाठक है। प्रदेश अध्यक्ष श्रवण कुमार कुशवाहा ने कहा कि प्रदेश भर के शिक्षकों की दुर्गति गुटों में बटने के कारण हो रही है। मैंने सभी गुटों को एक करने का प्रयास किया किंतु वह एक होने को तैयार नहीं है इसलिए अब शिक्षकों को ही एकजुट करने का संकल्प लिया है। महामंत्री राजीव यादव ने कहा कि विभाग से सेवानिवृत शिक्षक माध्यमिक शिक्षक संघ का नेतृत्व कर रहे हैं जो शिक्षक है ही नहीं वो शिक्षकों की पीड़ा क्या जानेगें। अब प्रदेश भर के माध्यमिक शिक्षकों के मान, सम्मान तथा स्वाभिमान के साथ कोई समझौता नहीं होगा, हर स्तर पर मिलकर संघर्ष किया जाएगा। बैठक को उपेंद्र वर्मा, सुधाकर ज्ञानार्थी,सूफियान अहमद, ओम प्रकाश शर्मा, बिरजू सरोज, श्याम सुंदर यादव आदि ने संबोधित किया इस मौके पर मोहम्मद जावेद, प्रकाश जायसवाल, हरिशंकर, मिथिलेश यादव, चंद्रशेखर सिंह, जगतपाल, राकेश यादव, नरेंद्र सिंह,अरुण कुमार सहित अन्य सैंकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

फांसी पर झूलता मिला 7 दिन से लापता महिला का शव

फर्रुखाबाद,(यूएनएस)। बीते दिनों घर से लापता हुई वृद्ध महिला का शव फांसी के फंदे पर झूलता मिला। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पंहुची और जाँच पड़ताल की। महिला के गायब होनें की गुमशुदगी थाने में दर्ज थी। थाना क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर निवासी 55 वर्षीय सियादेवी पत्नी महेंद्र सिंह बीते 23 जून को घर से अचानक लापता हो गयीं थी। परिजन उनकी तलाश कर रहे थे। मंगलवार को महिला सियादेवी का शव ग्राम बहादुरापुर निवासी गजराज के चांदनी के पेड में साड़ी के सहारे फांसी पर झूलता मिला। सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक संजय यादव मौके पर पंहुचे। लेकिन परिजनों नें पोस्टमार्टम करानें से इंकार कर दिया। थानाध्यक्ष राकेश कुमार नें बताया कि परिजनों नें शव का पोस्टमार्टम करानें से इंकार कर दिया है। जिसके बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

सपा ने जिला पंचायत चुनाव में उत्पीडन का लगाया आरोप

फर्रुखाबाद,(यूएनएस)। समाजवादी पार्टी नें जिला पंचायत चुनाव में उनके सदस्यों का उत्पीडन करनें का आरोप लगाया। इस सम्बन्ध में प्रतिनिधि मंडल नें जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौपा। इसके साथ ही एसपी से भी भेट की। सपा जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी व चुनाव मार्गदर्शक समिति के पूर्व सांसद मुन्नू बाबू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल नें जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह से भेट की। सपा नें कहा कि जिला पंचायत चुनाव पारदर्शी, निष्पक्ष व लोकतान्त्रिक होना चाहिए। मतदान होनें तक किसी भी जिला पंचायत सदस्य व सपा पदाधिकारी के खिलाफ दबाब बनाने के लिए उत्पीड़न ना किया जाये। बीते दिनों कमालगंज, मोहम्मदाबाद व कायमगंज के जिला पंचायत सदस्यों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किये गये थे। उनकी कार्यवाही को मतदान तक रोंका जाये। पूर्व मंत्री सतीश दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव, पूर्व विधायक प्रताप सिंह,डॉ० जितेन्द्र सिंह यादव, सर्वेश अम्बेडकर, सपा प्रत्याशी सुबोध यादव, महेंद्र कटियार आदि भी रहे। जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें बताया कि सपा नेताओं नें ज्ञापन देकर उनके लोगों का उत्पीडन किये जाने का आरोप लगाया है। लेकिन किसी का भी उत्पीडन नही हो रहा है। उनके खिलाफ जांचे पूरब में ही चल रहीं थी। जिन पर कार्यवाही की गयी। आरोप निराधार है।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का पड़ोस की छत में मिला शव, एसपी बोले प्रेम प्रसंग में हुई हत्या

बांदा,(यूएनएस)। अंबेडकर नगर में मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का पड़ोस की छत में शव मिला। समस्तीपुर जिले के अतापुर (हसनपुर) निवासी कार्तिक सोनी (25) यहां पीताम्बरी पाउडर बेचने आया था। अंबेडकर नगर में किराए का कमरा लेकर रह रहा था। साथ मे उसका बहनोई अशोक भी कुछ दूर रह रहा था। मंगलवार को सुबह पड़ोसी की छत पर उसका शव मिला। बहनोई ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने घटना स्थल की छानबीन की। फोरेंसिक टीम ने नमूने लिए हैं। प्रेम प्रसंग के चलते गला घोंटने और फिर जहरीला पदार्थ पिलाकर हत्या किए जाने की चर्चा रही। फिलहाल पुलिस इस बारे में स्पष्ट नहीं बता सकी। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं एसपी अभिनंदन ने प्रेम प्रसंग के चलते हत्या की बात कही है। एसपी के मुताबिक जिसके घर मे शव मिला है उसी की बेटी से उसके संबंध की बात सामने आई है। जांच की जा रही है।

नकाबपोश बदमाशों ने बिजलीकर्मी को लूटा

बांदा,(यूएनएस)। बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने सोमवार की रात प्राइवेट बिजलीकर्मी को लूट लिया। रुपये और मोबाइल छीन ले गए। कर्मी ने पुलिस को तहरीर दी है। हालांकि, पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। मूंगुस गांव निवासी गोरे पटेल सोमवार की रात बिजली दुरुस्त कर बाइक पर वापस तिंदवारी पावर हाउस जा रहा था। तभी बाइक का पेट्रोल खत्म हो गया। वह बमुश्किल पेट्रोल लेकर वापस पहुंचा और बाइक स्टार्ट करने लगा। तभी एक ही बाइक पर सवार तीन नकाबपोश बदमाश आए और उसे घेर लिया। तीन हजार रुपये, मोबाइल और बाइक छीन कर गरौंती की ओर भाग गए। राहगीर के मोबाइल से प्राइवेट बिजली कर्मी गोरे पटेल ने पावर हाउस कर्मियों को घटना की सूचना दी। कुछ ही देर में यूपी–112 पहुंच गई। पुलिस ने तत्काल नाकेबंदी कराकर आरोपियों की खोजबीन शुरू कर दी। गरौंती गांव के पास पुलिस को बाइक खंती में पड़ी मिली। रुपये व मोबाइल ले गए। गोरे ने थाने में तहरीर दी है। थाना इंस्पेक्टर प्रदीप यादव का कहना है कि पेट्रोल बिजलीकर्मी के साथी लेकर मौके पर पहुंचे थे। उन्हीं में कुछ कहासुनी हो गई। प्रथम दृष्टया घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। जांच की जा रही है। फिलहाल रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

नशे में धुत ससुर ने बहू से किया दुष्कर्म

बांदा,(यूएनएस)। शराब के नशे में धुत ससुर ने बहू के साथ दुष्कर्म किया। युवती ने पुलिस अधीक्षक को रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के लिए तहरीर दी है।

सपा बोली जिला पंचायत चुनाव में राम भक्तों ने बनाया रावण दल

फर्रुखाबाद,(यूएनएस)। जिला पंचायत चुनाव में प्रशासनिक उत्पीडन का आरोप लगा रही सपा नें सत्ताधारी भाजपा पर तीखे जुबानी हमले किये। सपा नें कहा कि इस जिला पंचायत चुनाव में राम भक्तो से रावण दल बना लिया है जिससे वह चुनाव को प्रभावित कर रहें है। जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन सौपनें के बाद पूर्व सांसद व जिला पंचायत चुनाव में सपा की तरफ से बनायीं गयी मार्गदर्शक समिति के सदस्य मुन्नू बाबू नें आरोप लगाया कि भाजपा मेरे लोगों को प्रताड़ित कर रही है। उनके सदस्यों को प्रताड़ित किया जा रहा है। भाजपा सरकारी मशीनरी के सहारे उनके सदस्यों का उत्पीडन करा रही रही। एक सदस्य घूमनें गया तो उसकी माँ के हाथों गुमशुदगी दर्ज करा दी। उसे जयपुर से पकड़वाया गया। आज फिर वह उनके पर सुरक्षित है। किसी सदस्य के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा तो किसी के पिता का कोटा के खिलाफ भी कार्यवाही की गयी। यह ठीक नही। जितने अपराधी केबल सपा में ही हैं। पूर्व मंत्री सतीश दीक्षित नें कहा कि सही बात यह है कि रामभक्त जो है वह रावण भक्त होंने का पूरा ड्रामा कर रहें है। भाजपा में जिला पंचायत चुनाव में खुद सामर्थ रही नही। केबल चार ही जीते। भाजपा की प्रत्याशी खड़ा करनें की औकात और हैसियत नही रही। अब पूरी तरह से पूरी सरकारी मशीनरी को से काम ले रहे है। भाजपा अपनी रावण सेना के साथ उनके सदस्यों को अपने साथ करनें का प्रयास कर रहें है। गोरखपुर और वनारस में भाजपा सबसे बुरी तरह हारी जिला पंचायत चुनाव उसके बाद भी जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध हो गये। यह मै नही कहता पहले सब अच्छा–अच्छा हो रहा है। लेकिन इस समय जो चुनाव में फर्रुखाबाद में हो रहा है वह पहले ही हुआ। जो पांच साल राजेपुर का व्लाक प्रमुख रहा उसे बाहरी बताया जा रहा है। कमालगंज वार्ड नंबर 4 से जिला पंचायत सदस्य बंटू नागर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमे वह कह रहा है कि मैं गम नही हुआ हूँ मै जयपुर घूमने गया था। वहां से एसओजी टीम उसे कमालगंज थाने ले आयी। वहां मेरे भाई और माता को सौप दिया। मै अपनी ननिहाल में सुरक्षित हूँ। मुझे तंग ना किया जाये। मेरी यह हाथ जोर के विनती है।

नगरपालिका अध्यक्ष ने कोविड टीका के प्रति जागरूक कर करवाया वैक्सीनेशन

बलरामपुर, (यूएनएस)। कोविड महामारी के प्रकोप से जनमानस को सुरक्षित रखेने हेतु नगर पालिका चेयरपर्सन किताबुन्निसा के प्रतिनिधि शाबान अली स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से अपने आवास पर कोविड–19 वैक्सिनेशन मेला का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों ने टीके लगवाए। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने डोर टू डोर जा कर वैक्सीन से सम्बंधित लोगों में फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए उन्हें वैक्सीनेशन के लाभ और फायदे बता कर जागरूक भी किया। अध्यक्ष प्रतिनिधि शाबान अली के संरक्षण और स्वस्थ्य विभाग के सहयोग से जनहित में आयोजित किए गए वैक्सिनेशन मेले में जहाँ अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में टीकाकरण कराया वहीं समस्त नगरवासियों ने भी अपनी जागरूकता का परिचय देते हुए टीकाकरण कराया। शाबान अली की मेहनत और कोशिशें रंग लाई और हर वर्ग के लगभग 1000 लोगों ने टीकाकरण मेले में अपना वैक्सिनेशन कराया। इस अवसर पर शाबान अली द्वारा वैक्सिनेशन कराने आए समस्त नागरिकों हेतु जलपान आदि की विशेष व्यवस्था भी की तथा लोगों को आकर्षित करने के लिए वैक्सिनेशन मेले की सजावट नही बड़े ही आकर्षित ढंग से किया। मेले में आए नगर वासियों ने कहा कि टीकाकरण से सम्बंधित इतनी भ्रांतियां फैली थीं कि लोग वैक्सिनेशन से डर रहे थे मगर शाबान अली ने जिस तरह डोर टू डोर जा कर लोगों को जागरूक किया और विश्वास में लेने हेतु स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से अपने आवास पर टीकाकरण मेले का आयोजन किया वह काबिले तारीफ है।।शाबान अली ने कहा कि हम स्वास्थय विभाग मुख्यरूप से मुख्य चिकित्साधिकारी, एसडीएम सदर को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने मेरे आग्रह पर जनहित में वैक्सिनेशन मेले के आयोजन को अनुमति देते हुए अपना सहयोग प्रदान किया। इसी क्रम में मुफ्ती ए शहर मौलाना मोहम्मद मसीह अहमद कादरी, मौलाना शमीम अहमद, मुफ्ती अब्दुस्सलाम, मुफ्ती कमाल अख्तर आदि मदरसा जामिया अरबिया अनवारुल कुरआन के अध्यापकों आदि कर्मचारियों के अतिरिक्त लगभग 1000 अधिक लोगों का वैक्सिनेशन हुआ।

बहन की सगाई के दिन मासूम बालक की डूबने से मौत

फर्रुखाबाद,(यूएनएस)। मंगलवार को मासूम बालक की गंगा में डूबने से मौत हो गयी। आज ही उसकी बहन की सगाई होनी थी। जिसका सामान लेनें परिजन बाजार गये थे। तभी सगाई की खुशियों की बयार में दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिजनों में कोहराम मच गया।थाना क्षेत्र के ग्राम करनपुर घाट निवासी 4 वर्षीय सनी पुत्र पप्पू गाँव के ही निकट गंगा में अचानक डूब गया। जिसके बाद उसका शव ही बाहर निकला। मृतक सनी अपने तीन भाईयों में सबसे छोटा था। गाँव के निकट लगभग 100 मीटर पर गंगा प्रवाहित हो रहीं है। जहाँ सनी खेलते–खेलते पंहुचा और डूब गया। मृतक सनी की बहन शिवा देवी की मंगलवार को सगाई की रश्म होनी थी। जिसका सामान लेनें परिजन बाजार गये थे। जहाँ उन्हें सनी की मौत की सूचना मिली। घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल इंस्पेक्टर सिंह ने मौके पर आकर जाँच की। परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल हो गया। बेटी की सगाई की खुशियों पर मासूम बेटे की मौत के गम का पहाड़ टूट पड़ा।

कृषकों को उर्वरक की शतप्रतिशत बिक्री पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम ही करायें : जिला कृषि अधिकारी

बलरामपुर, (यूएनएस)। जिला कृषि अधिकारी मंजीत कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृषकों को उर्वरक की शत्प्रतिशत बिक्री पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम से कराने तथा उर्वरक बिक्री उपरान्त कृषकों को कैशमेमोध्पर्ची दिये जाने के सम्बन्ध में तथा जनपद में सुचारु–रूप से उर्वरकों की आपूर्ति एवं कृषकों को निर्धारित दरों पर उर्वरकों की बिक्री शत्प्रतिशत पी0ओ0एस0 मशीन के माध्यम से कराने हेतु निरन्तर निर्देश दिये जा रहे है, इस सम्बन्ध में पुनः शासन द्वारा पी0ओ0एस0 स्टाक एवं भौतिक स्टाक में भिन्नता पाये जाने वाले उर्वरक विक्रेताओं के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि आपूर्ति होने वाले उर्वरक बाधित हो रही है, जबकि शासन द्वारा भौतिक स्टाक एवं पी0ओ0एस0 स्टाक का मिलान निरन्तर किया जा रहा है। शासन के निर्देश के अनुपालन में अध्यक्ष उर्वरक वितरण समितिध्मुख्य विकास अधिकारी उर्वरक विर्निमाताओध्प्रदायकर्ता संस्थाओं के द्वारा थोक उर्वरक विक्रेता एवं थोक उर्वरक विक्रेता से फुटकर उर्वरक विक्रेता तथा उर्वरक स्टाक प्राप्त होते ही एम0एफ0एम0एस0 पोर्टल एवं पी0ओ0एस0 मशीन में एक्नालेज की व्यवस्था रीयल टाइम की जाए। भौतिक रूप से जैसे ही उर्वरक का मूवमेन्ट होता है, वैसे ही ऑनलाइन प्रणाली को भी अद्ययावधिक करना सुनिश्चित करने और इसमें विलम्ब करने वाले थोकध्फुटकर विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही जनपद में समस्त फुटकर विक्रेताओं के द्वारा स्टाक एक्नालेजमेन्ट करने के उपरान्त पी0ओ0एस0 मशीन या एन्ड्राइड फोनध्कम्प्यूटर में बायोमैट्रिक डिवाइस के माध्यम से ही उर्वरकों की विक्री करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिन खुदरा उर्वरक विक्रेता के पी0ओ0एस0 मशीन में स्टाक पड़ा है और वास्तविक में उनके पास स्टाक शून्य है या स्टाक में अन्तर है, ऐसे विक्रेता को बिना स्टाक का मिलान किये किसी भी दशा में उर्वरक की आपूर्ति न करें, क्योंकि शासन द्वारा उर्वरक आपूर्ति एवं वितरण की नियमित समीक्षा की जा रही है ताकि किसी भी दशा में कृषकों को उर्वरको की कमी न होने पाये यदि स्थलीय सत्यापन में किसी भी विक्रेता के स्टाक में भिन्नता पायी जाती है ,तो सम्बन्धित विक्रेता के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। जिसके लिए उर्वरक आपूर्तिकता थोक उर्वरक को भी दोषी मानते हुये कार्यवाही की जायेगी।

संक्षिप्त समाचार

कुरैशी समाज का उत्पीड़न बंद किया जाए

बांदा,(यूएनएस)। प्रदेश में कुरैशी समाज (मीट व्यवसाय) से जुड़े लोगों के उत्पीड़न के विरोध में अल्पसंख्यक कांग्रेस की बांदा यूनिट ने राज्यपाल को संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन एसडीएम अवधेश कुमार निगम को सौंपा। प्रदेश में बंद पड़े स्लाटर हाउस आधुनिक तकनीक से शुरू कराने की मांग की है।अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव सैय्यद अल्तमश हुसैन की अगुवाई में कांग्रेसियों ने ज्ञापन में कहा कि प्रदेश में बंद पड़े स्लाटर हाउस को आधुनिक तकनीक के साथ शुरू किया जाए। जिन जिलों में स्लाटर हाउस नहीं हैं, वहां आधुनिक स्लाटर हाउस का निर्माण कराया जाए। निजी स्लाटर हाउस स्वामी मनमाने दामों में मीट सप्लाई कर रहे हैं। मीट विक्रेता छोटे दुकानदारों को लाइसेंस बनाने व नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल किया जाए। प्रदेश में बंद पड़े चमड़े के कारखानों को चालू किया जाए, जिससे गरीब तबके का रोजगार चल सके। कुरैशी समाज पर लगी रासुका व मुकदमों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। उन पर लगे मुकदमों को वापस लिया जाए। ज्ञापन देने में शहर अध्यक्ष अल्पसंख्यक विभाग वहीद अहमद, जिलानी दुर्रानी, रामहित निषाद, कुलदीप मिश्रा, इरफान खां, सनी पटेल, हरिराज पटेल आदि मौजूद रहे।

पॉस मशीन रिर्चाज पर ठगी का आरोप

बांदा,(यूएनएस)। कदौरा इलाके के कोटेदारों ने ई–पॉस मशीन रिचार्ज करने वाली प्राइवेट कंपनी के इंजीनियरों ने पैसे ले लिए लेकिन मशीन रिचार्ज नहीं हुई है। कंपनी के इंजीनियर से वापस पैसा मांगा तो धमकी देते हैं। कोटेदारों ने पूर्ति निरीक्षक से इस मामले की शिकायत की है। वहीं पूर्ति निरीक्षक का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। इंजीनियर को तीन दिन में पैसा वापस करने की चेतावनी दी गई है। पैसा वापस नहीं किया गया तो उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। ब्लॉक क्षेत्र के राशन विक्रेताओं की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए सरकार ने बिजली बिल जमा करने के लिए उनको आदेश दिया था। ब्लॉक क्षेत्र के हरचन्द्रपुर के रमाकांत व इटौरा बावनी के नसीम खान ने पूर्ति निरीक्षक को शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उन्होंने पांच–पांच हजार रुपये वालेट रिचार्ज के लिए ब्लॉक इंजीनियर को एक माह पूर्व दिए थे। उन्होंने अब तक रिचार्ज नहीं किया। कई बार कहा लेकिन आश्वासन देकर टरका दिया गया। राशन विक्रेताओं ने आरोप लगाया कि ब्लॉक इंजीनियर दर्जनों राशन विक्रेताओं से वालेट रिचार्ज के नाम पर पांच पांच हजार रुपये की ठगी कर चुके हैं। विरोध करने पर धमकी दी जाती है। वहीं पूर्ति निरीक्षक अजीत सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में है। जांच चल रही है अगर इंजीनियर ने तीन दिन में राशन विक्रेताओं के रुपये वापस नहीं किए तो उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा।

ज्ञान तो बढ़ा लेकिन वैक्सीन की किल्लत ने बिगाड़ी बात

उरई/जलौन,(यूएनएस)। कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरूकता बढ़ने के बाद लोग टीका लगवाने के लिए आगे आ रहे हैं लेकिन वैक्सीन की कमी से लोगों बिना लगवाए लौटना पड़ रहा है। हालत यह है कि पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। पखवाड़ा भर पहले स्वास्थ्य विभाग ने 45 से अधिक उम्र के लोगों के लिए सोमवार से शनिवार तक का विभिन्न मोहल्लों में लगने वाले कैंपों की सूची जारी कर दी थी। अब एक दिन का भी कैंप कार्यक्रम जारी नहीं हो रहा है। हालात यह हैं कि वैक्सीन नहीं होने की स्थिति में कार्यक्रम निरस्त करना पड़ रहा है। मंगलवार को भी यही स्थिति रही। कस्बे में दो जगह शिविर लगने थे, जिनमें केवल 50–50 लोगों को ही वैक्सीन की डोज दी जा सकी। तिलक नगर में सभासद रविकांत कुशवाहा एवं भगतसिंह नगर में रवींद्र रायकवार के आवासों पर लगाए गए कैंपों में 50–50 लोगों को वैक्सीन लगाने के बाद दो सैकड़ा लोगों को बिना टीका लगाए लौटना पड़ा। गौरतलब है कि कस्बे के अलावा देहात क्षेत्र के लोग भी टीका लगवाने के लिए कस्बों में आ रहे हैं। वहीं सीएमओ डॉ ऊषा सिंह ने बताया कि वैक्सीन मंगाने के लिए गाड़ी भेजी गई है। जल्द ही वैक्सीन आ जाएगी। अब तक 2.41 लाख लोगों को पहली डोज लगाई जा चुकी है।

अफवाहों पर ध्यान न दें, टीकाकरण कराएं

उरई/जलौन,(यूएनएस)। मोहल्ला भगतसिंह नगर में रवींद्र रायकवार के आवास पर लगाए गए टीकाकरण शिविर का उद्घाटन एसडीएम अशोक कुमार व भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील लोहिया ने फीता काटकर किया। एसडीएम ने लोगों से अपील की कि टीकाकरण ही कोरोना संक्रमण से बचा सकता है, इसलिए अफवाहों पर ध्यान न दें। परिवार सहित समय रहते टीका जरूर लगवाएं। शिविर में चिकित्सक मंगलाचरण वाजपेयी की देखरेख में स्वास्थ्य कर्मी छाया, प्रतिभा, सुशीला ने 45 से अधिक उम्र के 50 लोगों को कोरोना का टीका लगाया। इस दौरान केशव बबेले, गोकुल रायकवार, चंद्रप्रकाश गुप्ता मौजूद रहे। दूसरा शिविर सभासद रविकांत कुशवाहा के तिलक नगर स्थित आवास पर लगाया गया। जिसमें डॉ राजेश निरंजन, एएनएम पूनम, रचना गौतम, मैथिली प्रभाकर ने 50 लोगों का वैक्सीनेशन किया। इस दौरान बादाम सिंह कुशवाहा, ओपी कुशवाहा, बलराम कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

मौंरम भरे ट्राला ने खडे डंपर में मारी टक्कर, तीन घायल

उरई/जलौन,(यूएनएस)। जोल्हूपुर–हमीरपुर हाईवे पर सोमवार की देर रात मौरंग भरे ट्राला ने सुजानपुर में सड़क किनारे बने ढाबे पर खड़े डंपर में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार दी थी कि डंपर बंद ढाबे में घुस गया। दुर्घटना में ट्राला का चालक, खलासी सहित एक सवारी गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को जिला सीएचसी में भर्ती कराया। हादसे के दौरान जोल्हूपुर व हमीरपुर मार्ग पर एक घंटे तक जाम लगा रहा। दोनों ट्रकों को सड़क से हटवाने के बाद जाम खुल सका। भेड़ी घाट से मौरंग भर कर जोल्हूपुर की ओर जा रहे ट्राला सुजानपुर के पास पहुंचा, तभी ट्राला अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े एक डंपर से टकरा गया। टक्कर लगते ही डंपर बंद ढाबे में घुस गया। गनीमत रही कि ढाबे में कोई व्यक्ति नहीं था। हादसे में ट्राला चालक बृजेश (40) व खलासी दीपक (30) व सवारी विजय (24) निवासी ग्राम हॉट थाना सिकरौली जनपद कुशीनगर घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने दीपक की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं विजय व बृजेश को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। हादसे से करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा।

कोपा अमेरिकाः उरूग्वे जीता, चिली को करना होगा ब्राजील का सामना

सोमवार को खेले गये एक अन्य मैच में लियोनेल मेस्सी के दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने बोलिविया को 4–1 से हराया। पापू गोमेज ने छठे मिनट में अर्जेंटीना के लिये पहला गोल किया। मेस्सी ने 33वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला और फिर 42वें मिनट में खूबसूरत मैदानी गोल दागा।

रियो डी जेनेरियो। उरूग्वे ने पराग्वे को 1–0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। इस परिणाम से चिली को अगले चरण में अब मौजूदा चौंपियन और मेजबान ब्राजील का सामना करना होगा। एडिसन कवानी ने 21वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया जो मैच का एकमात्र गोल रहा। उरूग्वे यदि इस मैच में हार जाता तो उसे ब्राजील का सामना करना पड़ता। पराग्वे पहले ही नाकआउट में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका था। सोमवार को खेले गये एक अन्य मैच में लियोनेल मेस्सी के दो गोल की मदद से अर्जेंटीना ने बोलिविया को 4–1 से हराया। पापू गोमेज ने छठे मिनट में अर्जेंटीना के लिये पहला गोल किया। मेस्सी ने 33वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला और फिर 42वें मिनट में खूबसूरत मैदानी गोल दागा। इर्विन सावेड्रा ने बोलिविया की तरफ से 60वें मिनट में गोल किया लेकिन लॉटैरो मार्टिनेज ने 65वें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना को फिर से तीन गोल की बढ़त दिला दी। क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को ब्राजील और चिली तथा पराग्वे और पेरू आमने सामने होंगे। इन दोनों मैच के विजेता सेमीफाइनल में आपस में भिड़ेंगे। शनिवार को अर्जेंटीना का मुकाबला इक्वाडोर से जबकि उरूग्वे का कोलंबिया से होगा। इन मैचों की विजेता टीम सेमीफाइनल में एक दूसरे के आमने सामने होंगी। मेस्सी ने 33वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदला और फिर 42वें मिनट में खूबसूरत मैदानी गोल दागा।

संक्षिप्त

विम्बलडन की वापसी में जोकोविच ने जीता पहला मैच

कोरोना महामारी के कारण पिछले साल रद्द हुए विम्बलडन की सोमवार को आल इंग्लैंड क्लब पर वापसी हुई लेकिन पहले दिन के मैच बारिश के कारण बाधित रहे हालांकि नोवाक जोकोविच ने पहले दौर में जीत दर्ज की। पहले दिन खेल साढे चार घंटे विलंब से शुरू हुआ और एक दर्जन से अधिक मैच स्थगित करने पड़े। रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले 20वें ग्रैंडस्लैम खिताब और छठे विम्बलडन से एक खिताब दूर जोकोविचने 19 वर्ष के वाइल्ड कार्डधार जैक ड्रेपर को 4 . 6, 6 . 1, 6 . 2, 6 . 2 से हराया। जोकोविच ने इस साल आस्ट्रेलियाई ओपन और फ्रेंच ओपन जीता है।फ्रेंच ओपन फाइनल में दो सेट गंवाने के बाद उन्होंने स्टेफानोस सिटसिपास को हराया था। तीसरी रैंकिंग वाले सिटसिपास पहले ही दौर में उलटफेर का शिकार हो गए जिन्हें 57वीं रैंकिंग वाले अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो ने 6 . 4, 6 . 4, 6 . 3 से मात दी। महिला वर्ग में पहले दिन खत्म हुए मैच में दूसरी वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका ने क्वालीफायर मोनिका निकुलेस्कू को 6 . 1, 6 . 4 से हराया। वर्ष 2017 की चौम्पियन गार्बाइन मुगुरूजा , 23वीं रैकिंग वाली मेडिसन की और 32वीं रैंकिंग वाली एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा भी अगले दौर में पहुंच गई। पांच बार की चौम्पियन वीनस विलियम्स, फ्रेंच ओपन सेमीफाइनल तक पहुंची मारिया सक्कारी, डेनिस शापोवालोव और एलेक्स डि मिनाउर के मैच स्थगित करने पड़े।

एनटीपीसी ने 1,000 मेगावाट क्षमता की बैटरी भंडारण प्रणाली स्थापित करने के लिये वैश्विक निविदा जारी की

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी ने ग्रिड स्तर के 1,000 मेगावाट क्षमता की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली स्थापित करने को लेकर रूचि पत्र आमंत्रित करने के लिये वैश्विक निविदा जारी की है। कंपनी की 26 जून को जारी निविदा के अनुसार, ‘‘एनटीपीसी के भारत में स्थित बिजली संयंत्रों में 1,000 मेगावाट के ग्रिड स्तर के बीईएसएस की स्थापना के लिए किसी भी भारतीयध्वैश्विक कंपनीध्उनके संघध संबद्धध्प्रतिनिधियों को रूचि पत्र (ईओआई) के लिए आमंत्रित किया जाता है।निविदा नोटिस के अनुसार यह रुचि पत्र ग्रिड स्तर के बीईएसएस की स्थापना के व्यावसायीकरण की संभावनाओं का आकलन करने के लिए है। ईओआई के जरिये प्राप्त आवेदकों की पहचान करने के बाद, एनटीपीसी के विभिन्न संयंत्रों में परियोजनाओं को शुरू करने के लिए अलग से अनुरोध प्रस्ताव (आरएफपी) मंगाये जाएंगे। रूचि पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त, 2021 है। रूचि पत्रों को अगले दिन खोला जाएगा। एनटीपीसी गैस, कोयला, पनबिजली और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर आधारित बिजलीघरों से करीब 300 अरब यूनिट बिजली पैदा करती है। कंपनी के संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 65,000 मेगावाट है। कंपनी ने 2032 तक 1,30,000 मेगावाट उत्पादन क्षमता का लक्ष्य रखा है। इसमें 60,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य है। नोटिस में कहा गया है कि वर्ष 2030 तथा उसके बाद नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता बढ़ने का जो लक्ष्य है, उसके साथ ग्रिड स्तर के बीएसईएस की ओर कदम बढ़ाना उपयुक्त है।

सोने में 116 रुपये, चांदी में 161 रुपये की तेजी

नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक रुख को दर्शाता दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 116 रुपये की तेजी के साथ 46,337 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 46,221 रुपये प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ था।चांदी की कीमत भी 161 रुपये की तेजी के साथ 67,015 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में इसका बंद भाव 66,854 रुपये रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, ‘‘कॉमेक्स में सोने की कीमतों में मजबूती और रुपये के मूल्य में गिरावट के समर्थन से दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव में 116 रुपये की तेजी आई।’’विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार के आरंभिक कारोबार के दौरान रुपया छह पैसे की गिरावट के साथ 74.26 रुपये प्रति डॉलर रह गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना तेजी के साथ 1,782 डॉलर प्रति औंस हो गया जबकि चांदी 26.13 डॉलर प्रति औंस पर लगभग अपरिवर्तित रहा।

सर्वकालिक उच्चस्तर को छूने के बाद फिसले सेसेंक्स, निफ्टी

मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और एचडीएफसी जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में नुकसान तथा वैश्विक बाजारों के नकारात्मक रुख के बीच सोमवार को सेंसेक्स 189 अंक टूट गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान 53,126.73 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर तक गया। बाद में यह 189.45 अंक या 0.36 प्रतिशत के नुकसान से 52,735.59 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 45.65 अंक या 0.29 प्रतिशत के नुकसान से 15,814.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी ने भी दिन में कारोबार के दौरान 15,915.65 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर को छुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन का शेयर सबसे अधिक एक प्रतिशत से अधिक टूट गया। टीसीएस, एचसीएल टेक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट और भारती एयरटेल के शेयर भी नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर, ‘‘रिकॉर्ड उच्चस्तर पर खुलने बाद बाजार वैश्विक बाजारों के नकारात्मक रुख के बीच नकारात्मक दायरे में आ गए। एशिया भर में कोविड–19 के मामले बढ़ने से बाजारों में गिरावट आई।’’ अन्य एशियाई बाजारों में चीन के शंघाई कम्पोजिट, हांगकांग के हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया के कॉस्पी तथा जापान के निक्की में गिरावट आई। दोपहर के कारोबार में यूरोपीय बाजार नुकसान में थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट कच्चा तेल 0.16 प्रतिशत के नुकसान से 75.26 प्रतिशत डॉलर पर आ गया।

लियोनेल मेस्सी अर्जेंटीना की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने वाले खिलाड़ी बनें

लियोनेल मेस्सी अर्जेंटीना की तरफ से सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले फुटबॉलर बन गये। मेस्सी ने बोलिविया के खिलाफ कोपा अमेरिका मैच में यह उपलब्धि हासिल की।

कुइएबा। लियोनेल मेस्सी अर्जेंटीना की तरफ से सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले फुटबॉलर बन गये। मेस्सी ने बोलिविया के खिलाफ कोपा अमेरिका मैच में यह उपलब्धि हासिल की। इस अवसर पर उन्होंने अपनी टीम की 4–1 से जीत में दो गोल भी किये। इस 34 वर्षीय फुटबॉलर का यह अर्जेंटीना की तरफ से 148वां मैच था। उन्होंने संन्यास ले चुके डिफेंडर जेवियर मासचेरानो के रिकार्ड को तोड़ा। उनके दो गोल से अर्जेंटीना ने ग्रुप ए में अपना शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया। वह क्वार्टर फाइनल में शनिवार को इक्वाडोर से भिड़ेगा। मेस्सी ने अर्जेंटीना की तरफ से अपना पहला मैच हंगरी के खिलाफ 2005 में खेला था। इस मैत्री मैच में अपने प्रतिद्वंद्वी पर कोहनी से प्रहार करने के कारण उन्हें बीच से बाहर भेज दिया गया था। बार्सिलोना की तरफ से खेलने वाले मेस्सी के नाम पर अभी 75 अंतरराष्ट्रीय गोल दर्ज हैं और वह दक्षिण अमेरिकी रिकार्ड तोड़ने के करीब है। पेले ने ब्राजील की तरफ से 77 गोल किये थे और अभी वह दक्षिण अमेरिकी सूची में शीर्ष पर हैं। यही नहीं मेस्सी कोपा अमेरिका में सर्वाधिक मैच खेलने के रिकार्ड की बराबरी भी कर सकते हैं। मेस्सी ने अब तक 31 मैच खेले हैं जबकि रिकार्ड चिली के सर्जियो लिविंगस्टोन (34 मैच) के नाम पर है।

रोमांचक मुकाबले में स्पेन ने क्रोएशिया को 5–3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया

स्पेन ने एक्सट्रा टाइम में अल्वारो मोराटा और मिकेल ओयारजाबल के गोलों की बदौलत यूरो 2020 के अंतिम 16 नॉक–आउट मैच में 5–3 से जीत हासिल करते हुए एक उल्लेखनीय प्रदर्शन दिया

इस साल यूईएफए यूरोपियन चौंपियनशिप में धीमी शुरुआत के बाद स्पेन और क्रोएशिया दोनों ही सही समय पर फॉर्म में आते दिखे । स्पेन अपने आखिरी ग्रुप गेम में स्लोवाकिया को 5–0 से हराकर टूर्नामेंट में आगे बढ़ा, जबकि क्रोएशिया ने स्कॉटलैंड को 3–1 से हराकर इंग्लैंड के बाद ग्रुप डी में दूसरा स्थान हासिल किया। 28 जून के रोमांचक मेच में स्पेन ने एक्सट्रा टाइम में अल्वारो मोराटा और मिकेल ओयारजाबल के गोलों की बदौलत यूरो 2020 के अंतिम 16 नॉक–आउट मैच में 5–3 से जीत हासिल करते हुए एक उल्लेखनीय प्रदर्शन दिया 2008 और 2012 के बीच, स्पेन ने दो यूरोपीय चौंपियनशिप सहित लगातार तीन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट जीता है , लेकिन यूरो 2016 और रूस में 2018 विश्व कप दोनों में 16 के दौर में समाप्त हो गया। इसके अलावा, स्पेन की टीम के केवल सात सदस्यों ने पहले कभी एक बड़ी प्रतियोगिता में भाग लिया है

रुपया एक पैसे की तेजी के साथ 74.19 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ

मुंबई। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच विदेशीमुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया कारोबार के अंत में यह महज एक पैसे की तेजी के साथ 74.19 (अस्थायी) रुपये प्रति डालर पर बंद हुआ। अन्तरबैंक विदेशी विनिमय बाजार में कारोबार की शुरुआत में डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 74.24 पर खुली जो पिछले कारोबारी सत्र में 74.20 रुपये पर बंद हुई थी। कारोबार के दौरान इसमें 74.18 से 74.27 रुपये प्रति डालर के दायरे में उतार चढ़ाव आने के बाद अंत में रुपया पिछले कारोबारी सत्र के मुकाबले एक पैसे बढ़कर 74.19 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 प्रतिशत घटकर 91.76 रहा। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक 189.45 अंक की गिरावट के साथ 52,735.59 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.07 प्रतिशत बढ़कर 76.23 डॉलर प्रति बैरल हो गया। शेयर बाजार आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने शुक्रवार को सकल आधार पर 678.84 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने 8 राहत उपायों का एलान किया

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री ने सोमवार को राहत पैकेज का एलान किया। उन्होंने कुल 8 उपायों का एलान किया, जिससे अर्थव्यवस्था में मजबूती आएगी।वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को राहत पैकेज का एलान किया। इससे कोरोना की मार से बेहाल अर्थव्यवस्था को सहारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि कुल 8 उपायों का एलान किया जा रहा है। इसमें से 4 उपाय बिल्कुल नए हैं। इसमें हेल्थ से जुड़ा एक नया राहत पैकेज भी शामिल है।सरकार ने 1.1 लाख करोड़ रुपये का फंड क्रेडिट गारंटी योजना के लिए आवंटित किया है। कोविड से प्रभावित क्षेत्रों को इससे मदद मिलेगी। 8 महानगरों को छोडकर दूसरे शहरों में मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सरकार 50,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। मेडिकल इंफ्रा के लिए सरकार कम ब्याज दर पर लोन देगी। स्कीम के तहत 100 करोड़ रुपये का अधिकतम लोन होगा। पिछले साल भी सरकार ने क्रेडिट गारंटी योजना का एलान किया था। इस बार ईसीएलजीएस स्कीम के तहत 1.5 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त लोन का प्रावधान किया गया है। क्रेडिट गारंटी स्कीम से 25 लाख छोटे उद्यमियों को इसका फायदा मिलेगा। इसमें ब्याज की दर एमसीएलआर प्लस 2 फीसदी होगा। इसकी समय अवधि अधिकतम 3 साल की होगी। इसका लाभ 31 मार्च 2022 तक उठाया जा सकता है। पर्यटन के क्षेत्र के लिए भी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत टूरिस्ट गाइड और इस तरह के दूसरे के लोगों के लिए मदद दी जाएगी। इसका लाभ 10700 टूरिस्ट गाइड को इसका लाभ मिलेगा। एक लाख रुपये तक की सहायता टूरिस्ट गाइड को दी जाएगी। टूरिस्ट एजेंसी को 10 लाख रुपये तक की मदद दी जाएगी। भारत आने वाले पहले 5 लाख टूरिस्ट को वीजा शुल्क नहीं देना पड़ेगा। 1.93 लाख पर्यटक 2019 में भारत आए। ऐसे टूरिस्ट औसतन 21 दिन भारत में रुकता है। वह प्रतिदिन औसतन 2400 रुपये खर्च करता है। यह स्कीम अगले साल 31 मार्च तक जारी रहेगी। इस पर कुल 100 करोड़ रुपये खर्च होंगे। आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना का मकसद नए रोजगार का सृजन करना था। यह स्कीम 30 जून 2021 तक थी। अब इस योजना की अवधि अगले साल 31 मार्च तक बढ़ा दी गई है। इस योजना के तहत नियोक्ता और कर्मचारी के हिस्से का पीएफ योगदान सरकार करती है।कृषि के लिए रबी सीजन 2021–22 432.48 लाख टन गेहूं की खरीद हुई है। इसके अलावा न्यूट्रिएंट आधारित सब्सिडी को 42,275 करोड़ रुपये किया गया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत पिछले साल गेहूं, चावल और चना दिया गया था। इस साल भी कोरोना की दूसरी लहर को देखते हुए इस स्कीम की अवधि इस साल नवंबर तक बढ़ाई जा रही है। इस पर 93869 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। बच्चों के लिए अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने के लिए सरकार बड़ा निवेश करेगी। इसके लिए 23220 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके तहत बच्चों के लिए आईसीयू बेड सहित अन्य सुविधाएं बनाई जाएंगी। यह रकम अगले साल 31 मार्च तक खर्च होगी। पिछले साल भी सरकार ने अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ाने के लिए 15000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुना करने पर ध्यान दे रही है। इसके लिए ज्यादा पोषक तत्व वाली फसल बीज तैयार करने पर काम चल रहा है।

सम्पादकीय........

जम्मू–कश्मीर में आतंक पर लगाम

जम्मू–कश्मीर की हालिया घटनाओं को आतंकवादी घटनाओं में बढ़ोतरी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए. हादसे होते हैं, पर उनके आधार पर कहा जाने लगता है कि आतंकी घटनाएं बढ़ रही हैं, ऐसा नहीं है. आंकड़ों के आधार पर वार्षिक रुझानों पर नजर डालने की जरूरत है. इस वर्ष 24 जून तक ऐसी 47 घटनाएं हुई हैं, जिनमें मौतें हुई हैं– 15 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए, 10 नागरिकों की मौत हुई और 66 आतंकियों को मार गिराया गया. साल 2020 में 140 घटनाओं में 321 लोग मारे गये थे, जबकि 2019 में 135 घटनाओं में 283 मौतें हुई थीं. इन मौतों में सबसे अधिक संख्या आतंकियों की है.पिछले साल 232, तो 2019 में 163 आतंकी मारे गये थे. यह जो माहौल बनाने की कोशिश हो रही है कि आतंकवाद बढ़ रहा है, इसका भी एक राजनीतिक मतलब है. बहरहाल, हादसे हो रहे हैं और आतंक को बढ़ाने की कोशिशें हो रही हैं. जहां तक कुछ दिन पहले जम्मू–कश्मीर के नेताओं के साथ प्रधानमंत्री की बैठक का सवाल है, तो उससे राज्य में बदलाव का कोई संकेत नहीं दिखता है. केंद्र सरकार ने बीते दो साल में जम्मू–कश्मीर को लेकर जो नीतिगत पहलें की है, उनका भी कोई अब तक कोई ठोस नतीजा सामने आना बाकी है. चाहे वह 370 का मामला हो या वहां के नेताओं को गिरफ्तार करना और फिर रिहा करना. बीते दिनों जो अहम घटना हुई है, वह सैन्य ठिकाने पर हमले के लिए ड्रोन के इस्तेमाल की है. उससे कोई खास नुकसान नहीं हुआ है, पर अगर कोई नयी बात जम्मू–कश्मीर के हालात में हुई है, तो वह ड्रोन का इस्तेमाल है. इससे इंगित होता है कि स्थिति एक नयी दिशा की ओर जा रही है या जा सकती है, लेकिन यह सोचना ठीक नहीं है कि राज्य में आतंकवाद बढ़ता जा रहा है. ड्रोन का इस्तेमाल दुनिया के अनेक इलाकों, जैसे– सीरिया, इराक, अफगानिस्तान आदि में आतंकवादी संगठन बीते पांच सालों से ड्रोन के जरिये हमले करते आ रहे हैं. उससे पहले पश्चिमी देश ड्रोन का उपयोग कर रहे थे. यह एक हथियार है, एक तकनीक है, जिसका इस्तेमाल कोई भी कर सकता है. सवाल यह है कि आज हम क्यों ड्रोन के खतरे पर जाग रहे हैं. यह तो पांच साल पहले हमें समझ लेना चाहिए था कि यह हथियार देर–सबेर आतंकियों के हाथ लगेगा और उसके खिलाफ हमें जरूरी तैयारी करनी है, लेकिन हम तब सोकर उठते हैं, जब समस्या सामने आ चुकी होती है. हमें अपनी रणनीतिक तैयारियों की प्रक्रिया पर आत्ममंथन करना चाहिए. रणनीतिक स्तर पर सुरक्षाबल जवाब नहीं दे सकते हैं. यह काम राजनीतिक नेतृत्व और नौकरशाही को करना होता है. उन्हें ही निर्णय लेने होते हैं. इन दोनों तबकों में इस दिशा में पहल की कमी दिखती है. बार–बार राष्ट्रीय हित की बात करना अपनी जगह ठीक है, पर सवाल तो यह है कि राष्ट्रीय हित के लिए क्या किया जा रहा है. अभी राज्य में गतिरोध की स्थिति है. फिलहाल जो करना है, वह सुरक्षाबलों को करना है. आतंकवाद को बहुत हद तक काबू में लाया गया है. यह स्थिति 2011–12 से ही है, जब आतंक पर लगभग नियंत्रण पा लिया गया था. तब कश्मीर के लोगों को साथ लेकर राजनीतिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता था. वह मौका अब नहीं है. अभी मुख्य रूप से आतंक के विरुद्ध कार्रवाई ही जारी रहेगी. बैठकें तो बहुत हो चुकी हैं. इन कवायदों से मसले का हल नहीं निकलेगा और न ही पाकिस्तान से बात करने से कोई रास्ता निकलेगा, जिसकी फिर सुगबुगाहट शुरू हुई है. यह भी कहा जा रहा है कि विदेश

आज का राशिफल

मेष :– निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

बृषभ :– अपनी भावुकता पर नियंतण्ररखें। हर रिश्ते में अपने अनुकूल अपेक्षा रखना आपकी सबसे बड़ी मूर्खता है। माता के स्वास्थ के प्रति कुछ चिंन्ताएं होंगी। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

मिथुन :– भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं। कुछ अच्छे आसारों से मन प्रसन्न होगा। रोजगार में अच्छे लाभ के आसार बनेंगे। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

कर्क :– भौतिक–सुख साधन में व्यय के आसार हैं। रोजगार में अच्छी आशाएं प्रसन्नता लाएंगी किंतु पारिवारिक चिंताओं से मन ग्रसित होगा। आंतरिक प्रतिभाओं द्वारा सगे–संबंधों में प्रभावी बनेंगे।

सिंह :– घरेलू दायित्वों की पूर्ति हेतु सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी। अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बने। पूजा–पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। आलस्य त्यागें।

कन्या :– भौतिकता के आधार पर थोड़ा असंतोष हो सकता है। सगे–संबंधों में व्यवहार कुशल बने। कुछ नयी अभिलाषाएं आपको हतोत्साहित करेंगी। पारिवारिक वातावरण उत्साहित रहेगा।

तुला :– दुविधाओं को त्याग सही और स्वच्छ योजनाओं की ओर केंद्रित हों। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है किंतु भावनात्मक अपेक्षाएं कष्ट की जननी बनेंगी।

वृश्चिक :– बुद्धिमत्ता द्वारा प्रत्येक दिशा में स्वयं को पारंगत सबित करेंगे। भौतिकता की लोलुपतावश दूसरों के चढ़ाने में आकर अपनी आर्थिक क्षति कर सकते हैं। जीवन साथी से कुछ मुद्दों पर वैचारिक मतभेद संभव।

धनु :– राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी किंतु सामाजिक मर्यादा का ध्यान रखें। कोई नई सकारात्मक सोच से प्रगति के आसार बढ़ेंगे।

मकर :– भावनाओं पर नियंतण्ररख दायित्वों के प्रति सजग हों। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करने में सक्षम होंगे। धनागम के ने स्नेत बनेंगे। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

कुंभ :– किसी महत्वपूर्ण दायित्व की कुशल पूर्ति हेतु समुचित साधन व्यवस्था के लिए मन चिंतित होगा। नौकरी–पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

मीन :– दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न आने दें। बाहर की दुनिया में समय देने से अच्छा है।

ड्रोन हमले ने बढ़ाई चिंता

–राजेश माहेश्वरी

जम्मू में वायुसेना के टेक्निकल एयरपोर्ट पर ड्रोन से हमला होता है। उसके अगले दिन रतनूचक्क इलाके में सेना की ब्रिगेड हेडक्वार्टर पर ड्रोन दिखाई पड़ता है। ये सब महज एक संयोग नहीं है। भावी ड्रोन हमले की बाकायदा एक रिहर्सल है। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि यह ड्रोन किधर से आया और जांच में जुटे अधिकारी दोनों ड्रोन के हवाई मार्ग का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। जांचकर्ताओं ने हवाई अड्डे की चहारदीवारी पर लगे कैमरों सहित सीसीटीवी फुटेज खंगाली ताकि यह पता लगाया जा सके कि ड्रोन कहां से आए थे। निस्संदेह, अपने किस्म के पहले आतंकी हमले ने सेना व वायुसेना की चिंता बढ़ा दी है। हो सकता है कि यह खतरनाक साजिश पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने बुनी हो! चीन की भूमिका भी हो सकती है, क्योंकि बीते दिनों पाकिस्तान ने चीन से ड्रोन खरीदे थे!

जम्मू हवाई अड्डे के वायुसेना बेस पर ड्रोन द्वारा विस्फोटक हमला नाकाम रहा। लेकिन ड्रोन से हमला एक बेहद खतरनाक प्रयोग है। ड्रोन से हमले किसने करवाया इसकी जांच तो सुरक्षा एजेंसिया कर रही है। जम्मू में वायुसेना के टेक्निकल एयरपोर्ट पर ड्रोन से हमला होता है। उसके अगले दिन रतनूचक्क इलाके में सेना की ब्रिगेड हेडक्वार्टर पर ड्रोन दिखाई पड़ता है। ये सब महज एक संयोग नहीं है। भावी ड्रोन हमले की बाकायदा एक रिहर्सल है। फिलहाल यह पता नहीं चल पाया है कि यह ड्रोन किधर से आया और जांच में जुटे अधिकारी दोनों ड्रोन के हवाई मार्ग का पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं। जांचकर्ताओं ने हवाई अड्डे की चहारदीवारी पर लगे कैमरों सहित सीसीटीवी फुटेज खंगाली ताकि यह पता लगाया जा सके कि ड्रोन कहां से आए थे। निस्संदेह, अपने किस्म के पहले आतंकी हमले ने सेना व वायुसेना की चिंता बढ़ा दी है। हो सकता है कि यह खतरनाक साजिश पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने बुनी हो! चीन की भूमिका भी हो सकती है, क्योंकि बीते दिनों पाकिस्तान ने चीन से ड्रोन खरीदे थे! आतंकी संगठनों को ड्रोन हमले के लिए जरिया बनाया गया हो! आईईडी में आरडीएक्स का इस्तेमाल किया गया हो! लेकिन इन सबके बीच किन हमारी हवाई सुरक्षा व्यवस्था में सुराख स्पष्ट उजागर हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ड्रोन हमले के राज पाकिस्तान के मीरपुर जिले में झेलम नदी के पास स्थित 'मंगला' डैम इलाके में छिपे हैं। यहाँ पाकिस्तानी सेना, आईएसआई और आतंकी संगठनों को ड्रोन हमले की ट्रेनिंग दी जाती है। हमारे पास बड़े ड्रोन को इंटरसेप्ट करने के एयर डिफेंस सिस्टम हैं पर छोटे ड्रोन को रोकने के बहुत पुख्ता इंतजाम नहीं है। क्योंकि ये काफी नीचे उड़ते हैं और इनका रडार की पकड़ में आना मुश्किल हो जाता है। जब सऊदी अरब में अरमोके तेल डिपो में ऐसे ही हमला हुआ था तो उनकी सुरक्षा में अमेरिका तैनात था, वह भी ऐसे हमले को नहीं रोक पाया था। आशंका है कि आतंकियों ने क्वॉडकॉपर ड्रोन के जरिए एयरफोर्स स्टेशन पर विस्फोटक गिराए। ये तरीका नया नहीं है। यमन के हूती विद्रोही भी यही तरीका अपनाते हैं। ये सऊदी अरब के एयरबेस और तेल के ठिकानों पर हमला करते हैं। बड़ी चिंता की बात यह है कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के पास अभी तक एंटी ड्रोन सिस्टम का अभाव है। चीन, 3600 ड्रोन एक साथ उड़ाकर यह दिखाता है कि उन्हें कंट्रोल कैसे किया जाता है, वहां उपलब्ध इस तकनीकी जानकारी से भारत को बहुत कुछ सीखने की जरुरत है। तीन–चार साल से एंटी ड्रोन सिस्टम लाने की बात चल रही है। धरातल पर कुछ नहीं हो सका है। अब ड्रोन के जरिए सैनिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है। इसके बाद पावर प्लांट, रिफाइनरी, न्यूक्लियर प्लांट, डैम और आयुधा कारखाने भी ड्रोन हमले की जद में आ सकते हैं। बेशक ड्रोन से विस्फोटक हमले में वायुसेना का बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। इमारत की छत का एक हिस्सा ढह गया है। दूसरा विस्फोटक हमला खुले क्षेत्र में किया गया, लिहाजा कोई उपकरण, विमान, पेट्रोलियम टैंक आदि क्षतिग्रस्त नहीं हुए। यदि पेट्रोलियम टैंक आदि पर विस्फोटक गिरते, तो नुकसान काफी हो सकता था! वायुसेना स्टेशन में ईंधन के भंडार खुले आसमान के नीचे होते हैं, जहां से ईंधन की आपूर्ति की जाती है। यदि उन्हें निशाना बनाकर हवाई हमला किया जाता, तो नुकसान बेशुमार हो सकता था! क्या अब ईंधन के भंडार भूमिगत बनाए जाएं? यह हमला हवाई अड्डे के टेक्निकल एरिया में हुआ है जो इस मायने में महत्वपूर्ण होता है कि वहां सभी एयरक्राफ्ट, हेलिकॉप्टर व पुर्जे व हार्डवेयर रखे होते हैं। जम्मू हवाई अड्डा एक घरेलू हवाई अड्डा है जो भारत और पाकिस्तान के बीच अंतर्राष्ट्रीय सीमा से करीब 14 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। वायुसेना की महत्वपूर्ण रणनीतिक संपत्तियों में शामिल इस हवाई अड्डे से रसद सामग्री आपूर्ति संचालन, आपदा में मदद व घायलों को राहत का कार्य किया जाता है जो सर्दियों में सैन्य गतिविधियों के संचालन का केंद्र होता है। सियाचिन ग्लेशियर के लिये रसद व मदद का काम यहीं से संचालित होता है। कारगिल युद्ध में भी इसकी निर्णायक भूमिका रही है। हमले में पाक की धरती से हमलावरों को मदद मिलने से इनकार नहीं किया जा सकता। आशंका है कि दोनों ड्रोन सीमापार से संचालित किये जा रहे थे। यही वजह है कि विस्फोट से आतंकी नेटवर्क की संलिप्तता की विभिन्न कोणों से जांच की जा रही है, जिसमें वायुसेना, सेना व पुलिस के बड़े अधिकारी भी शामिल हैं। इस बाबत कुछ संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं जम्मू–कश्मीर पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए लश्कर–ए–तैयबा के एक आतंकी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पांच किलो आईईडी बरामद की है, जिसके जरिये वह किसी भीड़भाड़ वाले इलाके में बड़ा धमाका करने की फिराक में था। यह हवाई क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय सरहद से मात्र 14 किलोमीटर दूर है, जबकि चीनी ड्रोन में 20 किलो विस्फोटक ले जाने की क्षमता है। यह संदेह भी जताया जा रहा है कि यह नए किस्म की हमलावर उड़ान स्थानीय गिरोह की मदद से भी उड़ाई गई हो! कुछ भी हो, लेकिन यह विस्फोटक वारदात एक बड़ी लापरवाही का नतीजा मानी जा सकती है। बेशक नीची उड़ान के कारण ड्रोन हमारी राडार प्रणाली की गिरफ्त में नहीं आ सके, लिहाजा हमारा एंटी ड्रोन सिस्टम भी नाकाम साबित हुआ है। सवाल हवाई सुरक्षा और खुफिया तंत्र पर भी उठाए जा रहे हैं। आज ड्रोन हमले के जरिए दुश्मन ने हमारे हवाई क्षेत्र की चाक–चौबंदी की थाह ले ली है, लेकिन आने वाले वक्त में बड़ी हवाई साजिश को भी अंजाम दिया जा सकता है। बीते दिनों पंजाब में ड्रोन से हथियार, नकली मुद्रा के नोट और नशीले पदार्थ गिराए गए थे। गिरफ्तारियां भी की गई थीं। पाकिस्तानी सेना का नाम लिया गया था, जिसने आतंकियों को ड्रोन की ट्रेनिंग भी दी थी। आतंकियों की वही जमात जम्मू में भी उपद्रव कर सकती है। बहरहाल एनआईए, एनएसजी, फोरेंसिक, स्थानीय पुलिस और खुफिया एजेंसियां आदि व्यापक जांच कर रही हैं। भारतीय वायुसेना और थलसेना के लिए आतंकियों की ओर से किया गया यह हमला पहला ड्रोन हमला था। ऐसे में इस खतरे को देखते हुए देश के संवेदनशील एयरबेस और अन्य सैन्य ठिकानों की सुरक्षा के लिए विशेष रडार सिस्टम, लेजर सिस्टम और एंटी एयरक्राफ्ट गन की तैनाती करनी होगी। ऐसे में भारतीय सुरक्षाबलों को आधुनिक उपकरणों से लैस करने की जरूरत होगी। बहरहाल यदि सीमापार का मकसद यह है कि भारत को कश्मीर में महंगी, लंबी–चौड़ी सैन्य तैनाती करने को बाध्य किया जाए, तो ड्रोन हमले का नया विकल्प अपेक्षाकृत बेहद सस्ता है और इसमें ज्यादा श्रम भी नहीं चाहिए। चूंकि जम्मू–कश्मीर पर भारत सरकार ने बातचीत के दरवाजे खोल दिए हैं, लिहाजा आतंक के साजिशकारों के लिए ये उपाय सस्ते, सहज हैं और चौतरफा अफरातफरी मचाने वाले धमाके कश्मीर के अमन–चैन को भी छीन सकते हैं। खुफिया एजेंसिया इस हमले को बेहद गंभीरता से ले रही हैं। आने वाले समय में इस हमले के तार कहां से जुड़े हैं जाचं में यह बात साफ हो जाएगी। लेकिन इस हमले के बाद सुरक्षा चौकसी और बढ़ाने और उसमें तकनीक का समावेश बढ़ाने की जरूरत है। –लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।

बौद्ध सर्किट का महत्वपूर्ण केन्द्र हो सकता है सरगुजा का मैनपाट

आलोक शुक्ला

छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले से गुजरने वाली विन्ध्य पर्वतमाला में मैनपाट बसा है, जो प्रदेश की राजधानी रायपुर से करीब 400 किलोमीटर दूर है। पठारी भूमि पर स्थित मैनपाट लगभग 42 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है जो समुद्र तल से 3560 फुट की ऊंचाई पर है। मैनपाट को अपने शानदार मौसम और प्राकृतिक सौन्दर्य के कारण श्छत्तीसगढ़ का शिमलाश कहा जाता है। ठंड के दिनों में यहां का तापमान शून्य तक पहुंच जाता है। शीत ऋतु में यहां हरे–भरे मैदानों पर ओस की चादर बिछती है तो लगता है कि जमीन पर दूर तक चांदी चमक रही है। जगह–जगह पर बहते जलप्रपात पर्यटकों का मन मोह लेते हैं। बारिश के दिनों में जब अंबिकापुर से होते हुए पर्यटक मैनपाट की पहाड़ियों पर चढ़ते हैं तो बादल पहाड़ियों से अठखेलियां करते दिखते हैं। तिब्बत पर चीन के कब्जे के बाद वहां से बड़ी संख्या में तिब्बती शरणार्थी भारत आए थे जिन्हें देश के विभिन्न स्थानों पर बसाया गया है। मैनपाट भी उनमें से एक है। बौद्ध धर्मावलंबी तिब्बती निर्वासितों के कैम्प के कारण ही इसे श्छोटा तिब्बतश या श्छत्तीसगढ़ का तिब्बतश भी कहा जाता है। तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा यहां दो बार आ चुके हैं। इस तरह यह उन स्थलों में शामिल हो गया है, जो बुद्ध के अनुयायियों के लिये महत्वपूर्ण है।वैसे तो छत्तीसगढ़ में बौद्ध संस्कृति के ऐतिहासिक साक्ष्य रायपुर से 78 किलोमीटर दूर बसे सिरपुर में भी हैं। स्वास्तिक विहार के भग्नावशेष में भगवान बुद्ध की मूर्तियां हैं। यहां ऐतिहासिक गंधेश्वर महादेव मंदिर है जो अपनी वास्तुकला के कारण पूरे देश में प्रसिद्ध है। सिरपुर का लक्ष्मण मंदिर भारत में ईंटों से निर्मित पहला मंदिर है जिसमें महीन नक्काशीदार कला का चित्रण है। पांचवीं से आठवीं शताब्दी के मध्य दक्षिण कौसल की राजधानी सिरपुर थी। यहां के बुद्ध विहार में हम ऐतिहासिक अवशेष और मूर्तियां देख सकते हैं। यह नालनाडा (संभवतरू नालंदा) से भी पुराना है। अंदर 6 फुट ऊंची बुद्ध की भव्य मूर्ति है। छत्तीसगढ़ के सिरपुर और मैनपाट को देश के भगवान बुद्ध से जुड़े स्थानों की श्रृंखला की दो कड़ियों के रूप में जोड़ने की आवश्यकता है। जुलाई, 2014 में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने घोषणा की थी कि बौद्ध धर्म से संबंधित देश भर के महत्वपूर्ण स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों और क्षेत्रों को, जिन्हें बौद्ध सर्किट कहा जाता है, सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ एक उच्च श्रेणी के पर्यटन केंद्र में विकसित किया जाएगा। श्बौद्ध सर्किटश में पांच केन्द्र बनाने की घोषणा से पर्यटन क्षेत्र के पुर्नविकास की उम्मीद पैदा की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य दुनिया भर से बुद्ध के प्रति श्रद्धा रखने वालों एवं सामान्य सैलानियों को आकर्षित कर पर्यटन में वृद्धि करना है। यूपी और बिहार के संबंधित विभागों ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई उपाय किए थे, लेकिन ये असफल रहे। अधिकांश पर्यटक केवल बोधगया और सारनाथ की यात्राएं करना पसंद करते हैं। श्रद्धालुओं और पर्यटकों में अन्य बौद्ध तीर्थ स्थलों का दौरा करने की इच्छा तो रहती है लेकिन बुनियादी सुविधाओं, सीधी हवाई सेवा, परिवहन तथा पर्यटन स्थलों के बारे में पर्याप्त जानकारी के अभाव में वे इन स्थलों पर नहीं जाते। आजकल के पर्यटकों में खर्च करने की क्षमता तो है किन्तु तो वे वहां नहीं जाते जहां प्राथमिक सुविधाएं भी न हों। पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की असुविधाओं को दूर करने और देश में भगवान बुद्ध से जुड़ी सभी जगहों को जोड़ने से संबंधित करीब 10,000 करोड़ रुपये की बौद्ध सर्किट कही जाने वाली परियोजना 2020 तक पूरा होने की उम्मीद थी, लेकिन कोविड–19 के कारण इसे थोड़ा झटका लगा है। इस परियोजना के महत्व को रेखांकित करते हुए तत्कालीन परिवहन एवं सड़क मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था कि श्बुद्ध में आस्था रखने वाले लोग बड़ी संख्या में पूरी दुनिया से भारत आते हैं, लेकिन अच्छी सड़कों के अभाव में वे इन स्थलों की यात्रा नहीं कर पाते। स्थितियां सुधारने के लिए उत्तर प्रदेश और बिहार में स्थित विभिन्न केन्द्रों को जोड़ने के लिए सड़कें बनाईं जा रही हैं।श इसके अंतर्गत वैशाली, पटना, बोधगया, राजगीर, नालंदा, कहलगांव और विक्रमशिला को परस्पर जोड़ा जायेगा। धर्म यात्रा तथा विस्तृत धर्म यात्रा सर्किट में बिहार के बोधगया, उत्तर प्रदेश के सारनाथ, कुशीनगर व पिपरहवाय बिहार के बोधगया, विक्रमशिला, उप्र के सारनाथ, कुशीनगर, कपिलवस्तु, संकिसा आदि शामिल हैं। सरगुजा जिले के प्रसिद्ध होटल व्यवसायी रंजय स्वर्णकार का मत है कि श्प्रकृति ने छत्तीसगढ़ को मैनपाट जैसी धरोहर दी है जिसे अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर ला सकते हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यहां आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा सकती हैं जिससे बड़े होटल उद्योग भी यहां आएंगे। पर्यटकों के आने से स्थानीय लोगों की आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी। पर्यटन को प्रोत्साहित करने एवं सड़क, रेल व हवाई मार्गों के माध्यम से देश को जोड़ने के लिए केंद्र सरकार की घरेलू उड़ान योजना के अंतर्गत सरगुजा जिले के मुख्यालय अंबिकापुर से 15 किलोमीटर की दूरी पर दरिमा एयरपोर्ट विकसित किया जा रहा है। यह विमानतल मैनपाट से मात्र 24 किलोमीटर दूर है। राज्य सरकार ने स्थानीय जनता की भावनाओं का ध्यान रखते हुए इसका नाम मां महामाया विमानतल रखा है। एयरपोर्ट से मात्र 2 किलोमीटर की दूरी पर टिनटिनी पत्थर है। इसके छोटे पत्थरों से टकराने से लोहे की आवाज आती है। इसी क्षेत्र में उल्टा पानी नामक स्थान है, जहां चुम्बकीय शक्ति से पानी नीचे से ऊपर की ओर चढ़ता है।राज्य के संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत का कहना है कि इस वर्ष नवंबर–दिसंबर तक दरिमा एयरपोर्ट से घरेलू उड़ान योजना के तहत अंतर्राज्यीय विमान सेवा शुरू हो जाएगी। राज्य सरकार ने मैनपाट एवं सिरपुर जैसे स्थलों को बौद्ध सर्किट से जोड़ने का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा है। मैनपाट बौद्ध संस्कृति का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, इसलिए रायपुर से दरिमा होते हुए वाराणसी तक विमान सेवा का मुख्य लक्ष्य है जिससे विदेशी सैलानी यहां तक पहुंच सकें और यहां के लोग भी कम समय में देश के अन्य हिस्सों तक जा सकेंगे। इस एयरपोर्ट के उन्नयन तथा विस्तार के लिए 43 करोड़ रुपए की राशि भी दी गई है और यहां तेजी से काम चल रहा है। एक और चिंता की बात यह है कि मैनपाट की लगभग 800 एकड़ से अधिक जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। इसे हटाकर सरकार कई विकास कार्य कर सकती है। विमान सेवा की उपलब्धता को देखते हुए यहां राष्ट्रीय खेल अकादमी से अनुबंध कर कोई क्रीड़ा संस्थान खोला जा सकता है। यहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पर भी विचार किया जा सकता है। अंबिकापुर के युवाओं ने महामाया पहाड़ के संरक्षण और संवर्धन की मुहिम शुरू की है। उसी तरह आसपास के पहाड़ों को खूबसूरत बनाने पर कार्य करना चाहिए। नागरिक यदि भागीदारी का कर्तव्य निभाते हुए पहल करें तो मैनपाट अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर उभर सकेगा। इस क्षेत्र में अनेक तरह की शोध, फिल्म निर्माण आदि की भी भरपूर गुंजाइशें हैं जिनका दोहन मैनपाट को बौद्ध सर्किट के रूप में विकसित कर किया जा सकता है।

आलिया ने पूरी की ‘गंगूबाई काठियावाड़ी’ की शूटिंग

बॉलिवुड इंडस्ट्री के मशहूर डायरेक्टर संजय लीला भंसाली ने अपनी अपकमिंग फिल्म शगंगूबाई काठियावाड़ीश की शूटिंग को पूरा कर लिया है। इस फिल्म में आलिया भट्ट लीड रोल में हैं। संजय लीला भंसाली और आलिया भट्ट सहित फिल्म टीम के कई सदस्यों को कोरोना हो गया था। जिसके चलते फिल्म की शूटिंग रुक गई थी और इसके बाद फिल्म को दोबारा शुरू करना आसान नहीं था। फिल्म का एक सॉन्ग और छोटा सा पार्ट रह गया था लेकिन आखिरकार फिल्ममेकर और ऐक्ट्रेस ने इसे पूरा कर लिया है। बताया जा रहा है कि मुंबई की फिल्म सिटी (गोरेगांव) में बची हुई शूटिंग पूरी हो गई है। संजय लीला भंसाली फिल्म शगंगूबाई काठियावाड़ीय को पूरा करने के बाद आराम करने के मूड में नहीं हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने अपनी अपकमिंग वेब सीरीज शहीरा मंडीय की शूटिंग उसी फ्लोर पर शुरू करेंगे, जहां फिल्म शगंगूबाई काठियावाड़ीय का सेट लगा था। वेब सीरीज शहीरा मंडीय को देखते हुए जल्द ही नई सेटिंग्स को स्थापित किया जाएगा। वेब सीरीज को संजय लीला भंसाली प्रड्यूस और विभु पुरी डायरेक्ट कर रहे हैं। सब कुछ तैयार होने के बाद वेब सीरीज की शूटिंग शुरू हो जाएगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म शगंगूबाई काठियावाड़ीय को पूरा करना आसान नहीं था, खास आखिरी चरण में। महाराष्ट्र में कोरोना के नए नए म्यूटेंट (डेल्टा) ने फिल्म और टीवी इंडस्ट्री में डर पैदा कर दिया है। एक बार सबकुछ फिर से शुरू हुआ है सभी सिर्फ उम्मीद कर सकते हैं कि सब सही रहेगा। यूनिट में सिर्फ एक कोरोना केस सबकुछ बंद कर देता है। वर्कफ्रंट की बात करें आलिया भट्ट फिल्म शगंगूबाई काठियावाड़ीय के अलावा शब्रह्मास्त्रय और शआरआरआरय जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। डायरेक्टर अयान मुखर्जी की फिल्म शब्रह्मास्त्रय में आलिया भट्ट अपने बॉयफ्रेंड रणबीर कपूर के साथ पहली बार में स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी।

गैंग्स ऑफ वासेपुर फेम हुमा कुरैशी का बोल्ड लुक सोशल मीडिया पर हुआ वायरस

गर्मी के मौसम में गैंग्स ऑफ वासेपुर फेम हुमा कुरैशी की हॉटनेस का कहर इंटरनेट पर छाया हुआ है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अब तक की सबसे बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैं। ताजा तस्वीरों में हुमा कुरैशी को बिलकुल अलग लुक में देखा जा सकता है। गर्मी के मौसम में गैंग्स ऑफ वासेपुर फेम हुमा कुरैशी की हॉटनेस का कहर इंटरनेट पर छाया हुआ है। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अब तक की सबसे बोल्ड तस्वीरें शेयर की हैं। ताजा तस्वीरों में हुमा कुरैशी को बिलकुल अलग लुक में देखा जा सकता है। हुमा कुरैशी हमें नई तस्वीरों में ट्रेंडी स्विमवियर के साथ अपने वार्डरोब को आकर्षक बनाने के लिए बड़ी प्रेरणा दे रही हैं। फोटोशूट से अपना लुक साझा करने के लिए एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम का सहारा लिया है। उन्होंने एक ही ड्रेस में तीन तस्वीरें अलग–अलग अंदाज में शेयर की हैं। अपने प्रयोगात्मक सार्टोरियल विकल्पों के लिए जाने जाने वाले एक्ट्रेस ने ग्लैमरस लुक को अपनाया और स्टाइलिंग टिप्स दिए। हुमा ने ऑलिव–ग्रीन स्विमसूट पहने अपनी कई तस्वीरें साझा कीं। खूबसूरत तस्वीरों में दीवा को एक बॉडीकॉन मोनोकिनी में गर्मियों और फॉल वाइब्स को मिलाते हुए दिखाया गया है। उन्होंने हाल्टर नेक बिकिनी पहनी है जिसमें कमर तक लटकती हुई नेकलाइन है। बैकलेस स्विमसूट में एक बॉडीकॉन कमरबंद था जिसने हुमा के कर्व्स को उभारा है जो उनकी फीगर की खूबसूरती को दिखा रहा है। काम की बात करें तो हुमा कुरैशी आने वाले समय में फिल्म बेल बॉटम में दिखाई देंगी। फिल्म में अक्षय कुमार और वाणी कपूर भी अहम भूमिका में हैं। एक्ट्रेस को हाल ही में करण शर्मा द्वारा निर्देशित एक भारतीय वेब श्रृंखला महारानी और जैक स्नाइडर की थ्रिलर फिल्म आर्मी ऑफ द डेड में देखा गया था।

राय लक्ष्मी बोल्ड अंदाज ने ढहाया कहर, फैंस कर रहे तारीफ

rai
W.SANTABANTA.COM

साउथ इंडियन फिल्मों की बोल्ड ऐक्ट्रेस राय लक्ष्मी सोशल मीडिया पर खासा ऐक्टिव रहती हैं और अक्सर इंस्टा रील से सुपर हॉट वीडियो शेयर करती रहती हैं। राय लक्ष्मी ने एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह पिंक कलर की बिकिनी में जबरदस्त अंदाज में नजर आ रही हैं। इस वीडियो में वह राय लक्ष्मी पिंक कलर की ब्रालेट आउटफिट में नजर आ रही हैं। ऐक्ट्रेस के इस वीडियो ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और फैन्स उनकी खूब तारीफ भी कर रहे हैं। हाल ही में ऐक्ट्रेस ने स्विमिंग पूल में पिंक बिकिनी में ग्लैमरस पोज देते हुए कई फोटो शेयर की थी। जिसमें उनका अंदाज देखने लायक था। अब उनका वीडियो इंटरनेट पर तहलका मचा रहा है। कुछ दिन पहले राय लक्ष्मी ने अपना बर्थडे सेलिब्रेट करते हुए वीडियो और फोटो शेयर की थी जिसमें वह अपने खास दोस्तों के साथ मिलकर बर्थडे केक काटती नजर आ रही हैं। वीडियो में राय लक्ष्मी की खुशी उनके चेहरे पर साफ दिखाई दे रही थी। राय लक्ष्मी उस वक्त ज्यादा सुर्खियों में आई थीं जब उनका नाम भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के साथ जुड़ा था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक साल 2008 में आईपीएल के दौरान राय लक्ष्मी और महेंद्र सिंह धोनी एक दूसरे को डेट कर रहे थे। राय लक्ष्मी हिंदी के अलावा तमिल और तेलुगु फिल्मों में काम किया है। फिल्म जूली के सीच्ल जूली 2 में उन्होंने काफी बोल्ड सीन दिए थे।

ऐश्वर्या राय की हमशक्ल हैं ईरानी मॉडल महलाघा जाबेरी



सोशल मीडिया पर सिलेब्रिटीज के हमशक्लों की तस्वीरें आए दिन वायरल होती रहती हैं। अब ऐश्वर्या राय की एक हमशक्ल महलाघा फिर से चर्चा में हैं।

बाबा साहब आम्बेडकर प्रोत्साहन योजना के तहत बैठक किए मुख्य विकास अधिकारी

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल द्वारा कलेक्टेट सभागार में बाबा साहब आम्बेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत समाज के कमजोर वर्गो के उत्थान हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगार ब्यक्तियो के लिए सतत रोजगार को उपलब्ध कराये जाने हेतु बैठक की गयी। प्रस्तावित परियोजनाओं में लाभान्वित होने वाले अनुसूचित जातिध्जनजाति के लाभार्थी को न्यूनतम 23 प्रतिशत एवं दिव्यांग लाभार्थियो को 5 प्रतिशत क्षैतिज, अनुसूचित जाति व जनजाति के 5 प्रतिशत तथा सामान्य वर्ग 5 प्रतिशत लाभार्थी होगे। योजना प्रक्रिया की स्वीकृति हेतु जिला स्तरीय चयन एवं क्रियान्वयन समिति द्वारा दक्षता, संसाधनों की उपलब्धता एंव विपणन की सम्भावना इत्यादि का सर्वेक्षण कर किया जायेगा। परियोजना की लागत ब्यवसाय हेतु रु0 2 लाख तथा उद्योग क्षेत्र हेतु अधिकत्म 5 लाख रुपये होगे। योजना में अनुसूचित जाति ध्जनजाति तथा दिब्याग लाभार्थी को अनुदान के रुप में वितरित ऋण का 35 प्रतिशत या अधिकत्म 70 हजार तथा सामान्य लाभार्थी को धनराशि के 25 प्रतिशत या 50 हजार राज्य सहायता शासकीय अनुदान होगा। योजना के अन्तर्गत 2.5 लाख से ऊपर वितरित ऋण पर सामान्य लाभार्थियों से 7.5प्रतिशत एवं अनुसूचित जाति व जनजाति तथा दिब्याग लाभार्थियों से 5 प्रतिशत ईकाई लागत का मार्जिन मनि जमा कराया जायेगा। बैठक में डीडीओ जगदीश त्रिपाठी,सभी बीडीओ उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के उप घटक पर ड्राप

– मोर क्रॉप (माइक्रो इरिगेशन) राज्य औद्यानिक विकास मिशन योजना कि बैठक

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। विकास अधिकारी अनुज मलिक की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई उक्त बैठक में विभिन्न फसलवार, व विकास खंड वार, माइक्रो इरिगेशन योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। इस संदर्भ में केला, गन्ना, शाक भाजी, आम,व लीची हेतु माइक्रोइरीगेसन की चर्चा हुई। इस क्रम में रामकोला हाटा व सुकरौली में गन्ना तथा तमकुही राज में शाक भाजी के संदर्भ में चर्चा की गई। लाभार्थियों की संख्या की भी चर्चा हुई, अनुदान पैटर्न पर चर्चा हुई कि किस पर कितना अनुदान मिलेगा तथा ड्रिप व स्प्रिंकलर में लंबित बिलों के संदर्भ में भी चर्चा हुई दुदही व अन्य ब्लॉकों में स्ट्रॉबेरी के उत्पादन की चर्चा हुई। उत्पादों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की बात की गई जिसका क्रियान्वयन एक हफ्ते में होगा। हर फसल के डाटा के संदर्भ में बिंदुवार चर्चा की गई ।इस संदर्भ में यह ध्यान रखा जाना भी आवश्यक बताया गया कि जहां उत्पाद होना है वहां सड़क तथा बाजार की अच्छी सुविधा हो। गेंदा फूल के लिए कसया एवं फाजिलनगर विकास खंडों का चयन किया गया। सब्जी उत्पादन के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि पॉलीहाउस तथा सब्जियों का हर विकास खंडों में उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया जाए इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त उद्योग सतीश कुमार, ट्रेजरी ऑफिसर रईस अहमद, उप निदेशक उद्यान गोरखपुर डॉक्टर डीके वर्मा, उप निदेशक कृषि अरुण कुमार चौधरी , गन्ना विकास अधिकारी कुशीनगर, नाबार्ड के डीडीएम तथा जिला अग्रणी बैंक अधिकारी एवं जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह तथा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत विंध्याचल कुशवाहा आदि मौजूद थे।

बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल एक जुलाई 2021 से खोले जाएंगे

– बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल शासन के निर्देश पर विकासखंड तमकुही के समस्त शिक्षकों को एक जुलाई से विद्यालय खोलने का दिया गया निर्देश

– स्कूल पहुंचकर अध्यापक साफ सफाई के अलावा विद्यार्थियों को अश्वनलाइन पढ़ाई कराने के साथ ही नामांकन तथा राशन वितरण आदि विभागीय कार्य निपटायेगे

अमिटरेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल कोरोना संक्रमण के चलते 20 मार्च को बंद कर दिए गए थे। केस नियंत्रित होने की दशा में एक जुलाई से फिर से स्कूल खोले जा रहे हैं। हालांकि अभी केवल अध्यापक ही स्कूल आएंगे। 100 दिन बाद खुल रहे स्कूल में पहले दिन ही अध्यापकों को सफाई, बिजली, पानी जैसी समस्याओं से जूझना होगा। कोरोना संक्रमण का सर्वाधिक असर स्कूलों पर ही पड़ा है। पिछले साल मार्च में लॉकडाउन के दौरान जो स्कूल बंद हुए तो पढ़ाई की व्यवस्था अब तक पटरी पर नहीं लौटी है। इस साल भी कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान गत 20 मार्च को सभी स्कूल बंद कर दिए गए थे। बच्चों को अगली कक्षाओं में प्रोन्नति किया जाना है। अब कोरोना संक्रमितों की संख्या कम होने लगी है। इसको देखते शासन ने एक जुलाई से स्कूलों को खोलने का निर्णय लिया है। हालांकि अभी केवल शिक्षकों को ही बुलाया जाएगा। इस दौरान शिक्षक विद्यालय में पहुंचकर विद्यालय में नामांकित बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाई कराने के साथ विभागीय अन्य कार्य निपटाएंगे। सौ दिनों तक लगातार बंद रहे स्कूलों में पहुंचने पर शिक्षकों को विद्यालय में सफाई, बिजली और पानी समेत परेशानियों से जूझना पड़ेगा। खण्ड शिक्षाधिकारी तमकुहीराज अंकिता सिंह ने बताया कि कोरोना संक्रमितो की संख्या कम हुई है इसको देखते हुए शासन की तरफ से एक जुलाई से स्कूल खोलने का निर्देश मिला है ,लेकिन अभी केवल शिक्षकों को ही स्कूल बुलाया गया है शासन के निर्देश पर विकासखंड के समस्त शिक्षकों को एक जुलाई से विद्यालय खोलने का निर्देश दे दिया गया है ।एक जुलाई को विद्यालय पहुंचकर शिक्षक स्कूल की साफ सफाई करने के उपरांत अन्य संसाधनों को सुव्यवस्थित करेंगे इसके अलावा विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई कराने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू करेंगे साथ ही राशन वितरण आदि विभागीय कार्य को भी देखेंगे।

पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की मांग को लेकर 30 जून को मुख्यमंत्री से मिलेंगे पत्रकार

लखनऊ,(यूएनएस)। उत्तर प्रदेश में बढ़ रही पत्रकार उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने के लिए पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की मांग को लेकर 30 जून (बुधवार) को उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपेगी। यह निर्णय उत्तर प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजेश त्रिवेदी की अध्यक्षता में संपन्न हुई पत्रकारों की बैठक में लिया गया। मुरली नगर स्थित प्रदेश कार्यालय में बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री रमेश शंकर पांडेय ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में अपराधियों व माफियाओं के बढ़ते प्रभाव से पत्रकार पूरी तरह असुरक्षित होता जा रहा है। आये दिन पत्रकारों पर जानलेवा हमले हो रहे हैं, उनकी हत्याएं हो रही हैं। पुलिस प्रशासन भी पत्रकारों का सहयोग न करके अपराधियों व माफियाओं के साथ खड़ा दिखलाई पड़ता है। मुख्यमंत्री के कड़े आदेशों के बावजूद पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता अपराधियों का बढ़ता प्रभाव निर्भीक पत्रकारों के लिए जान का खतरा बना हुआ है। पुलिस पत्रकारों की पीड़ा को नजरअंदाज कर अपराधी माफियाओं के इशारे पर उल्टे पत्रकारों का ही उत्पीड़न करती है। जिसके चलते प्रदेश में पत्रकारों के अंदर असुरक्षा की भावना व्याप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के उत्पीड़न का ज्वलंत प्रमाण बीते दिनों जनपद प्रतापगढ़ में एबीपी चौनल के संवाददाता सुलभ श्रीवास्तव की शराब माफिया द्वारा कराई गई हत्या तथा जनपद मथुरा में एक अपराधी माफिया के खिलाफ समाचार प्रकाशित करने वाले साप्ताहिक समाचार पत्र के संपादक सुभाष सैनी के खिलाफ ही पुलिस द्वारा अपराधी की ओर से रंगदारी की रिपोर्ट लिखे जाने का मामला है। पुलिस अपराधियों के विरुद्ध रिपोर्ट लिखने में आनाकानी करती है। भयंकर से भयंकर घटनाओं की रिपोर्ट जल्दी नहीं लिखती। जांच के नाम पर लंबित रखती है। वही पत्रकार बंधुओं के खिलाफ झूठी रिपोर्ट लिखने में किंचित मात्र भी देरी नहीं लगाती। पुलिस की इस पत्रकार विरोधी भूमिका के चलते प्रदेश का पत्रकार न केवल असुरक्षित है, बल्कि यह परिस्थितियां लोकतंत्र के लिए घातक भी सिद्ध हो सकती हैं। अध्यक्ष डा. राजेश त्रिवेदी ने कहा कि पत्रकारों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए अन्य राज्यों की भाँति उत्तर प्रदेश सरकार को भी तत्काल पत्रकार सुरक्षा बिल लागू करना चाहिए। अध्यक्ष डा. राजेश त्रिवेदी एवं महामंत्री रमेश शंकर पाण्डेय ने समस्त जनपदों के पत्रकारों से 30 जून को प्रातः हजरतगंज (लखनऊ) स्थित गांधी प्रतिमा पर पहुंचने की अपील की है। बैठक में अध्यक्ष डा. राजेश त्रिवेदी एवं महामंत्री रमेश शंकर पाण्डेय के अलावा अली हसन, सुबीर सेन, राकेश कश्यप, अनुराग शर्मा, देवेश नायक, शशिकांत पांडेय, बादशाह खान, लक्ष्मीकांत पाठक, निर्मल सिंह यादव, सुधीर मिश्र, अक्षय मिश्र, आशुतोष शुक्ल, अतुल तिवारी, चंद्रप्रकाश चौरसिया, सोनू कनौजिया, गीता शर्मा, प्रिया भट्टाचार्य, गीता पाल, वैदिका गुप्ता, प्रभा शर्मा, प्रिया मिश्रा, कोमल कनौजिया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

बागपत में कलक्ट्रेट पर हंगामा करते रालोद कार्यकर्ता।

राष्ट्रपति ने आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र की आधारशिला रखी

लखनऊ,(यूएनएस)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मंगलवार को राजधानी में भारत रत्न डॉ आंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केंद्र की आधारशिला रखी। राष्ट्रपति ने यहां लोक भवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और दिनेश शर्मा की मौजूदगी में केंद्र की नींव रखी। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते उप्र कैबिनेट ने ऐशबाग में आंबेडकर स्मारक सांस्कृतिक केंद्र के निर्माण के लिए राज्य के सांस्कृतिक विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। स्मारक ऐशबाग ईदगाह के सामने 5493.52 वर्ग मीटर नजूल भूमि पर बनेगा और इसमें डॉ अंबेडकर की 25 फीट ऊंची प्रतिमा भी होगी। 45.04 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले स्मारक में 750 लोगों की क्षमता वाला एक सभागार, पुस्तकालय, अनुसंधान केंद्र, चित्र गैलरी, संग्रहालय, एक बहुउद्देश्यीय सम्मेलन केंद्र, कैफेटेरिया, छात्रावास और अन्य सुविधाएं भी होंगी। सांस्कृतिक विभाग जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर सकता है। इस मौके पर राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि हम सभी के लिए यह गौरव की बात है कि देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के कर कमलों से संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर मेमोरियल एवं सांस्कृतिक सेंटर का शिलान्यास होरहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वास है कि यह स्मारक हमारे युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत होगा। हमारे संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब पूरे देश के लिए सम्मान के प्रतीक हैं और उनका नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा गया है। राज्यपाल ने राष्ट्रपति और देश की प्रथम महिला का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह सच है कि बाबा साहब द्वारा गढ़े गये संविधान के कवच से देश के सभी वर्ग सुरक्षित हैं। हमें यह याद रखना है कि बाबा साहब का जीवन प्रतिमा संघर्षों की गाथा है। उन्होंने आंबेडकर मेमोरियल की स्थापना के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की सराहना की। मुख्य्यमंत्री योगी आदित्य्यनाथ ने अपने संबोधन में राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए कहा कि भारत के संविधान के शिल्पी के रूप में हम सब बाबा साहब डाक्टर भीम राव आंबेडकर का स्मरण करते हैं और केवल भारत ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में जब भी वंचितों, दलितों और समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति की आवाज की बात होगी तो बाबा साहब का नाम पूरे सम्मान के साथ लिया जाएगा। योगी ने कहा कि आज ही के दिन बाबा साहब ने 93 वर्ष पहले 1928 में समता नामक साप्ताहिक पत्र की शुरुआत की थी और देश के अंदर समतामूलक समाज की स्थापना की लड़ाई का शुभारंभ किया था। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित डॉक्टर भीमराव आंबेडकर मेमोरियल एवं सांस्कृतिक सेंटर का शुभारंभ बाबा साहब की स्मृतियों को जीवंत बनाये रखेगा। इसके पहले राष्ट्रपति कोविंद, उनकी पत्नी देश की प्रथम महिला सविता कोविंद, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व डाक्टर दिनेश शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व एमएलसी स्वतंत्र देव सिंह ने डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया।

बेटे की मौत की खबर सुनकर गम जुदा हुए परिवार वाले

अमिट रेखा मेहरौना लार। देवरिया शहर के रामनाथ देवरिया मोहल्ले के रहने वाले शशि पांडे के पुत्र अंकित पांडे गोरखपुर के राप्ती नदी में सेल्फी लेने के दौरान नदी में डूब गए 24 घंटे के बाद अंकित के मरने की खबर आते ही परिवार मैं गमगीन माहौल हो गया अंकित के मरने की खबर पाकर उनकी माता बेहोश हो गई दूसरे दिन सोमवार को भी परिवार में गम का माहौल रहा माता–पिता का रो रो कर बुरा हाल हो गया मां और बहन को रोते देख वहां मौजूद अन्य लोगों के भी आंखें भर आई , खामपार के मूल रूप से रहने वाले शशि पांडे रामनाथ देवरिया मोहल्ले में मकान बनवा कर रहते हैं उनका एक बेटा अंकित पांडे बेटी निशा है सिविल लाइन रोड पर अंकित जिम चलाते थे इस काम में उनके पिता भी हाथ बटाटे थे सब कुछ ठीक चल रहा था अंकित युवाओं में काफी लोकप्रिय था इसी वजह से ज्यादातर युवा उनके जिम में आते थे उनकी बातों से लोग खासकर प्रभावित हो जाते थे। लेकिन अचानक अंकित की मौत की खबर सुनकर उनके दोस्त मित्र इस पर विश्वास ही नहीं कर रहे हैं मौत की खबर मिलते ही सभी लोग गम जदा हो गए।

फ्रॉड गुरु को गिरफ्तार कर जेल भेजा है

अमिट रेखा एम हसन

अयोध्या। फ्रॉड व 420 गुरु शत्रुघ्न मिश्रा गिरफ्तार हुए। अयोध्या रानोपाली आश्रम में संचालित एक संस्कृत विद्यालय में 42 लोगों को फर्जी नियुक्ति पत्र मुख्य रूप से दी थी। अयोध्या कोतवाली पुलिस ने फ्रॉड गुरु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके पास से जारी 42 फर्जी व जॉली नियुक्ति पत्र भी बरामद किया गया है। प्रबंधक की ओर से विगत वर्ष केस दर्ज करवाया गया था। रानोपाली आश्रम के महन्त व प्रबन्ध समिति अध्यक्ष डॉ भरतदास ने जांच करवाया तब सत्यता सामने आई। आरोपी फ्रॉड गुरु को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, कई योगों से फ्रॉड गुरु ने लगभग 4 करोड़ो की वसूली की थी।

ग्राम प्रधान चंचल शुक्ल को किया गया सम्मानित

अमिट रेखा दिनेश गुप्ता

देवरिया। दिनाँक 28.6.2021 को ग्राम परसिया मिश्र तहसील गोला जिला गोरखपुर के महेदेश्वरी सेवा संस्थान परसिया मिश्र के द्वारा माता महेदेश्वरी मंदिर परसिया मिश्र पर नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम सभा परसिया मिश्र के नवनिर्वाचित प्रधान श्री संतोष कुमार मिश्र उर्फ बबलू एवं देवरिया जनपद भटनी ब्लॉक के अंतर्गत सिसवा एकदंगा के नवनिर्वाचित प्रधान श्री चंचल शुक्ला जिनकी उम्र मात्र 22 साल है को सम्मानित किया गया ।इन दोनों नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को संस्थान के प्रबंधक श्री महेंद्र नाथ मिश्र एवं एंग्लो उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसिया मिश्र के प्रधानाध्यापक श्री अश्वनी कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जयप्रकाश मिश्र उर्फ लल्लू मिश्र के द्वारा किया गया । संस्थान के प्रबंधक श्री महेंद्र नाथ मिश्र ने कहां कि आने वाले समय में संस्थान गांव स्तर पर एवं हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित करने का काम करेगा। धीरे–धीरे इसे ब्लॉक स्तर पर भी किया जाएगा । मंदिर परिसर के कोषाध्यक्ष श्री प्रभु नाथ मिश्र एवं पुजारी श्री शिवेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया संस्थान के अध्यक्ष डॉ कौशलेश मिश्रा ने सब के प्रति आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम के संचालक श्री करुणेश मिश्रा ने किया बीच–बीच में कार्यक्रम को सूरज मिश्रा ने भी संबोधित किया इस अवसर पर उपस्थित श्री विपिन कुमार मिश्र, श्रीजेश मिश्र, विश्वेश मिश्र, आशुतोष तिवारी, कृष्णा शुक्ला ,पुनीत कुमार शुक्ला आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बाल अधिकार का खुलेआम हनन

– शासन के आदेश की उड़ाई जा रही धज्जियां

अमिट रेखा प्रतापगढ व्यूरो। अंधेर गर्दी शासन के आदेश के वावजूद आज तक नही वितरित हुआ बैग, बी आर सी केंद्र बहोरिकपुर में सड़ रहे है बैग, मामला प्रतापगढ़ जनपद के विकास खण्ड बाबागंज का मामला लगभग 110 प्राथमिक,28 उच्च प्राथमिक ,18 सहायता प्राप्त स्कूल के बच्चों के नामांकन के अनुसार विभाग ने उपलब्ध कराए है बैग ।सत्र बीते हो गए तीन महीने, पूरे जनपद में अगस्त सितम्बर में ही बच्चो को दे दिए गए बैग ।प्रतापगढ़ के बाबागंज में शिक्षा विभाग में किसने बनाया अलग से नियम ।इतना ही नही बच्चो को मिलना वाला खाद्यान्न की सूची एफ सी आई को अभी 24 जून को भेजी गई जब कुंडा के खंड शिक्षाधिकारी रत्न लाल चार्ज पर थे ।आखिर बाबागंज में देर से क्यो लागू होती है साशन की योजनाएं ।जिम्मेदार अधिकारी कुछ बोलने को नही है तैयार। ।आखिर क्यों नोनिहालो को उनके अधिकार से किया जा रहा है बंचित। कही अधिकारी घोटाले के फिराक में तो नही ,सत्र बीतने के तीन महीने तक बच्चो को बैग का वितरण न किया जाना बड़े घोटाले की ओर अंकित करता है क्यो की जुलाई – अगस्त में नए सत्र के बच्चों को साशन की मंशा के अनुरूप नए बेग का वितरण होना है विभाग पिछले सत्र के बैग को बाटकर नए सत्र के बैग का पैसा हजम करनेके फिराक तो नही दबी जुबान आम जनमानस में यह बात अब आम चर्चा होने लगी ।जबकि जनपद के ज्यादातर विकास खण्डों में सितम्बर अक्टूबर में ही बैगों का वितरण कराया जा चुका है।

धर्म स्थान पर दी गई कुछ और छूट:अपर जिला मजिस्ट्रेट

अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन कुंवर पंकज ने बताया है कि पूर्व निर्गत शासनादेश के प्रस्तर 10 में दी गयी व्यवस्था ”कन्टेनमेन्ट जोन को छोड़कर शेष स्थानों ध जोन में धर्मस्थलों के अन्दर परिसर के आकार को देखते हुए एक बार में एक स्थान पर 50 से अधिक श्रद्धालु इकट्ठा न होष में आंशिक संशोधन करते हुए ष्कन्टेनमेन्ट जोन को छोड़कर शेष स्थानों ध जोन में धर्मस्थलों के अन्दर सप्ताह में सातों दिन अर्थात शनिवार एवं रविवार को भी परिसर के आकार को देखते हुए एक बार में एक स्थान पर 50 से अधिक श्रद्धालु इकट्ठा न होने की शर्त के साथ खोले जाने की अनुमति प्रदान की गई है। शासनादेश दिनांक 24 जून, 2021 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार जनपद में कन्टेनमेन्ट जोन को छोड़कर शेष स्थानों ध जोन में धर्मस्थलों के अन्दर सप्ताह में सातों दिन अर्थात शनिवार एवं रविवार को भी परिसर के आकार को देखते हुए एक बार में एक स्थान पर 50 से अधिक श्रद्धालु इकट्ठा न होने की शर्त के साथ धर्मस्थलों को खोले जाने की अनुमति प्रदान की गई है। तद्नुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

जमीन विवाद में एफआईआर के लिए संजय सिंह ने दी तहरीर

– बोले–केस दर्ज नहीं हुई तो कोर्ट जाएंगे

अमिट रेखा रोहित सिंह
अयोध्या ब्यूरो’

आम आदमी पार्टी ने राम मंदिर जमीन खरीद में हुए घोटाले में भाजपा के मेयर, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय समेत नौ लोगों के खिलाफ अयोध्या की नगर कोतवाली तहरीर देकर सभी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर करने की सोमवार को मांग की है। लखनऊ में प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि चंदे का खेल करने वालों के खिलाफ एफआईआर नहीं हुई तो कोर्ट जाऊंगा। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं तो हम न्यायालय जाएंगे। संजय सिंह ने ट्रस्ट के तीन सदस्यों द्वारा दिए गए बयान का उल्लेख भी किया और कहा कि ट्रस्ट के तीन सदस्यों ने जमीन खरीद को लेकर किसी तरह की जानकारी न दिए जाने की बात कही है। ऐसे में चंदे का खेल अब जगजाहिर हो चुका है। संजय सिंह ने कहा कि एक के बाद एक कई घोटालों को मैंने उजागर किया। भाजपा नेताओं और ट्रस्ट के लोगों ने मिलकर किस तरह से दो करोड़ की जमीन पांच मिनट में साढ़े 18 करोड़ रुपये में खरीद ली गई। भाजपा के मेयर, उनके नेता 20 लाख की जमीन को ढाई करोड़ में ट्रस्ट को बेचते हैं, ये सभी घोटाले मैंने सबके सामने रखे हैं। इतना सब कुछ सामने लाने के बावजूद अब तक भाजपा की केंद्र सरकार या प्रदेश सरकार ने कोई जांच नहीं कराई, न केंद्रीय एजेंसी से कोई जांच हुई और न पुलिस वालों से कोई जांच कराई गई। भाजपा नेता और ट्रस्ट के लोग घूम–घूम कर मुझ पर मानहानि का मुकदमा करने की बात कर रहे हैं। संजय सिंह ने मुख्यमंत्री से अपील की है कि मानहानि का मुकदमा फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाया जाए। उन्होंने मेयर ऋषिकेश तिवारी, ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्र, हरीश पाठक, कुसुम पाठक, सुल्तान अंसारी, रवी मोहन तिवारी, उप पंजीयक एसबी सिंह और दीप नारायण के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 34, 119, 120, 169, 202, 403, 405, 409, 420, 423, 120ठ, 467, 468, 471 में एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

एक जुलाई से शुरू होगी रोजगार गारंटी पदयात्रा,

संजय सिंह ने प्रेस वार्ता में एक जुलाई से शुरू होने जा रही आम आदमी पार्टी की रोजगार गारंटी पदयात्रा की जानकारी भी दी। एक जुलाई से 10 जुलाई के बीच पार्टी के छात्र विंग के प्रदेश अध्यक्ष वंशराज दुबे के नेतृत्व में रोजगार गारंटी पदयात्रा निकाली जाएगी।

कलेक्टेट सभागार बैठक की अध्यक्षता किए जिलाधिकारी

अमित रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। जिलाधिकारी डा0उज्वल कुमार द्वारा कलेक्टेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति व औद्योगिक इकाईयों के कानून एंव सुरक्षा ब्यवस्था सम्बन्धित उद्यमियों के साथ बैठक कर कार्य ब्यवस्थाओं की समीक्षा की गयी। बैठक में मुख्य मंत्री युवा स्वरोजगार योजना,एक जनपद एक उत्पाद,प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा मिनी औद्योगिक आस्थान महराजगंज व सिसवा भूखण्डो की सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गयी। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष में 64 मार्जिन मनि ऋण पत्रावलियों के लक्ष्य सापेक्ष 23 आवेदन पत्र प्राप्त हुए है जिसमें 10 आवेदन पत्रों को विभिन्न बैकों को ऋण हेतु प्रेषित किया जा चुका है तथा दो पत्रावलिओं की स्वीकृति भी मिल गयी है। इसी प्रकार एक जनपद एक उत्पाद योजना में भौतिक लक्ष्य 32 है जिसमें 10 पत्रावलियां बैकों को भेजा जा चुका तथा एक पत्रावली स्वीकृत भी हो चुकी है। सिसवा में औद्योगिक स्वथापन हेतु भूमि आवंटन है परन्तु एक उद्यमी द्वारा उद्योग की आस्थान पर उद्योग नही लगाया गया है जिसे नोटिस भी जारी किया गया है।जिस पर जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि सम्बन्धित का आवंटन निरस्त कर अग्रिम कार्यवाही की जाय। महराजगंज औद्यौगिक आस्थान में बाउण्डी कराने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल,प्रभात कुमार यादव उपायुक्त उद्योग, वीरसेन सिंह अग्नि शमन अधिकारी,सरवर हसन प्रबन्धक बैक बडौदा, वीरेंद्र कुमार चौधरी बैंक आफ इण्डिया, गौरव श्रीवास्तव पीएनबी, आर पी चौरसिया वाणिज्य कर,उद्यमी सत्यनारायण, राजकुमार, शिवसरन, विनोद कुमार सहित रियासत खान,पशुपति नाथ गुप्ता भी उपस्थित रहे।

उत्पाती लँगूर को वन विभाग ने टीम बुलाकर पकड़वाया, मिली राहत

– कई महीनों से मचाया था आतंक, वन दरोगा को सूचना देने के बाद पकड़ा गया लँगूर

अमित रेखा – दुर्गेश कुमार यादव

धानी – महराजगंज। महराजगंज जिले के नगर पंचायत बृजमनगंज में विगत कई महीनों से एक काले लँगूर के आतंक से नगरवासी के साथ राहगीर परेशान थे। जो कई दो पहिया वाहनों को क्षतिग्रस्त के साथ दर्जनों लोगो को काटकर घायल भी कर चुका था। इसके साथ यह खूंखार लँगूर चलती ट्रैक्टर ट्राली पर दौड़ कर बैठ जाता और चालक घबरा जाते। किसी तरह लँगूर को भगा पाते, लेकिन भगाते समय चालक व अन्य को काट भी चुका था। जिसका दहशत बना हुआ था हालांकि कई बार बड़ा हादसा होते होते टला है। जब इस मामले में चार्ज लिए वन दरोगा खुर्रमपुर अरुण कुमार सिंह से रविवार को नगरपंचायत बृजमनगंज में लँगूर के आतंक की बताई गई तो उन्होंने बताया कि सोमवार को टीम बुलाकर लँगूर बंदर को पकड़वाया जाएगा। वन दरोगा अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आज उत्पाती लँगूर को टीम बुलाकर बृजमनगंज ब्लाक के पास कड़ी मेहनत के बाद पकड़वाया गया है जिसे पकड़ी जंगल मे छोड़ दिया गया। लँगूर के पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बन्दर पकड़ने वाली टीम ने बताया कि अगर कही भी कोई बन्दर उत्पात मचा रहा हो लोगो को नुकसान पहुचा रहां हो तो मो० नं० 8874690752 सम्पर्क करे। टीम में सम्लित मो० हसन, नूरमोहम्मद, मो० खलील, समशुद्ध्दीन, सोहबत अली, मोहर्म अली रहे।

बैंक कर्मियों की मनमानी, आखिर कब तक परेशान रहेंगे खाताधारक

अमित रेखा – ठकराहा पश्चिम चंपारण बिहार

ठकराहाँ प्रखंड अंतर्गत दो बैंक हैं उत्तर बिहार ग्रामीण और बैंक ऑफ इंडिया शाखा भईसहवा जो कि उत्तर प्रदेश में स्थित है। इन बैंकों के कर्मियों की मनमानी का आलम यह है की खाताधारक को घण्टो लाइन में लगना पड़ता है फिर भी सुविधाएं नहीं मिल पाती। ना ही पासबुक का एंट्री होता है और ना ही लेन–देन के सिवाय कोई और कार्य है ठकराहाँ प्रखंड बाढ़ प्रभावित क्षेत्र होने के वजह सहायता राशि छच्छ लिंक खाता में ही जतंदेंति होता है पर खाताधारकों के खाते से एनपीसीआई की सुविधा लिंक कराने के लिए खाताधारक परेशान हैं। बैंक के द्वारा यह कार्य अनिश्चितकालीन के लिए रोका गया है जब भी खाताधारक जाते हैं तो आगे का समय बताया जाता है कि आप बाद में आएंगे कभी बैंक का लिंक डाउन है कभी सर्वर फेल है कभी प्रिंटर खराब है यह सारे बहाने बाजी तकरीबन कई सालों से चल रही है।

इसी क्रम में एक बहुत ही बड़ा खुलासा हुआ।

आपको बता दें कि बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा किसी भी तरह का कोई लोन वितरण नहीं किया जा रहा।

चाहे वह KCC हो या पशुपालन हो या प्रॉपर्टी लोन हो किसी भी तरह का कोई लोन बैंक मैनेजर द्वारा नहीं दिया जा रहा। वजह सिर्फ दलाली, कमिसन का न मिलना।

मामला है लोन आवेदक राजहंस यादव और बैंक ऑफ इंडिया के मैनेजर का।

ठकराहाँ प्रखंड अंतर्गत हरक टोला के राजहंस द्वारा जानकारी मिली की शुपालन लोन के लिए आवेदन करने के बावजूद भी लोन नहीं मिला क्योंकि राजहंस ने दलाली के 80000 बैंक मैनेजर कि नहीं दिए।

यह मामला वित्तीय वर्ष 19–20 का है। पर अभी तक लोन नही मिला। इस कार्यक्रम में राजहंस जी के द्वारा लोक अदालत का भी दरवाजा खटखटाया गया पर अभी तक कोई निर्णय नहीं हो पाया। बैंक मैनेजर के कहने पर मिट्टी भरवाने, घर तैयार करने और चारा एकत्रित करने में राजहंस का एक लाख चालीस हजार रुपये भी खर्च भी हो गए, पर बैंक की कर्मियों की मनमानी अभी भी ज्यों का त्यों चल रहा है। इसपे किसी का भी निगाह नहीं है आखिर कब तक आम जनता मजबूर जनता इस दलदल में फंसी रहेगी।

भारतीय जनता पार्टी की जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी होंगी क्षमा सिंह

अमित रेखा प्रतापगढ व्यूरो। मैराथन मंथन के बाद आखिरकार भाजपा से चुनाव लड़ेंगी क्षमा सिंह,पूनम इंसान ने लिया पर्चा वापिस।जनसत्ता दल से माधुरी पटेल,सपा से मनोरमा और भाजपा से क्षमा सिंह के बीच होगा चुनावी मुकाबला ।भाजपा से दो प्रत्याशियो को कराया गया था नामांकन पूनम ने अपना पर्चा वापस लिया।

आकाशी बिजली गिरने से दो की मौत

अमित रेखा दिनेश गुप्ता

देवरिया। आज दिन में 12 बजे के लगभग ग्राम सभा भटनी खास के बगीचे में कुछ लड़के मैच खेल रहे थे तभी अचानक से बादल गरजन लगा और बारिश होने लगी सारे बचे वहाँ से भगने लगे तभी अचानक से बिजली गिरने की आवाज आई अभी लोग कुछ समझ पाते कि तबतक ग्राम सभा भटनी खास निवासी ,प्रिन्स कुमार पुत्र चन्द्रहास प्रसाद उम्र 12 साल ओर दनउर गांव के मोनू यादव पुत्र राजिंदर यादव उम्र 26 वर्ष की मौके पे ही मौत हों गई ओर दनउर गांव के मोनू यादव पुत्र राजिंदर यादव उम्र 26 वर्ष की बिजली गिरने से मोके पे ही मौत हो गई जब इसकी जानकारी परिजनों को हुआ तो वे आनन फाने में इन दोनों को ले के सलेमपुर अस्पताल पहुँचे तबतक इन दोनों की मृत्य हो गई थी परिजन उनको ले के घर आये तब तक भाटपार रानी पुलिस वे भटनी पुलिस मौके पे पहुच के पोस्टमार्डम के लिये बाड़ी को देवरिया भेज दिया मोके पे लेखपाल सतेंद्र कुमार नायब तहसीलदार सलेमपुर भी मौजूद रहे।

ग्रामीण चौकीदार का हनक पुलिस थाने से लेकर पुलिस चौकी तक

– ग्रामीण चौकीदार को पूर्व में मिली थी ग्रामीण पुलिस की अहमियत जिसको इन्होंने गवाँ दिया

– ग्रामीण क्षेत्रों में अब नहीं करते हैं यह गस्त चुनाव ड्यूटी से लेकर थाने तक ही है इनकी उपयोगिता

अमितरेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। मिली जानकारी अनुसार जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक थाना क्षेत्र के अंतर्गत पढ़ने वाले गांव में ग्रामीण चौकीदार की नियुक्ति हुई है पहले ग्रामीण चौकीदार गांव में घूम कर गांव के लोगों के बारे में सही गलत लोगों की खबर रखते थे तथा इसकी जानकारी पुलिस थाने तथा पुलिस चौकी प्रभारी को दिया करते थे अब वह इस काम में बिल्कुल निष्क्रिय हो गए हैं गांव गांव के अंदर अपराधियों की संख्या बढ़ती जा रही है मारपीट झगड़े जमीनी विवाद बढ़ते जा रहे हैं किसी किसी गांव में गैर कानूनी ढंग से कच्ची शराब बनाई जा रही है सुबह 4 बजे भोर होते ही शराब के शौकीनों का शराब बेचने वाले के घरों पर लाइन लग जा रही है कम कीमत में फूल नशा के आदमियों को शराब मिल रही है वही ग्रामीण चौकीदारों के तरफ जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार कुछ ग्रामीण चौकीदार गांव में निष्क्रिय पडे है गैरकानूनी कुटूर उद्योगों को भी बढ़ावा दे रहे हैं गांव की जानकारी अब नहीं दे रहे हैं थाने को या चौकी को जिससे अपराध में कहीं–कहीं खुलासा भी पुलिस करती जा रही है परंतु इनकी उपयोगिता पर सवाल उठ रहा है कि ग्रामीण चौकीदार को पूर्व की सरकार ने इनका वेतन बढ़ाते हुए ग्रामीण पुलिस की संज्ञा दी थी तथा इनसे थाने और चौकी पर भी सूचना एकत्रित की जाती थी चुनाव के समय चुनाव ड्यूटी लगाई जाती थी इनका एक वेट गांव में था गांव के दुराचारी लोग इनसे डरते थे लेकिन यह बिल्कुल उल्टा होता जा रहा है कारण यह कि ग्रामीण चौकीदारों को प्रत्येक थानों के अंदर बैठक नहीं बुलाई जा रही हैं इनको कोई जिम्मेदारी नहीं बांटी जा रही है वेतन इनका समय से नहीं आ रहा है इसलिए भी गैर जिम्मेदार एवं लापरवाह हैं साफा लिए पुलिस थाने पहुंचकर बहुत करेंगे तो वहां पर रखी झाड़ू उठाएंगे तथा वहां की गंदगी यों को पत्तियों को साफ करके साहब को सलाम ठोक कर फिर अपनी साइकिल उठाकर घर चले जाते हैं आज गांव गांव में जो स्वरूप पहले ग्रामीण चौकीदारों का दिखाई दे रहा था अब दिखाई नहीं दे रहा है मात्र नाम के ही रह गए हैं क्षेत्र के अपराध रोकने के लिए पुलिस को मुखबिर की सहारा लेनी पड़ रही है जबकि प्रत्येक गांव का चौकीदार अपने अपने गांव में प्रत्येक व्यक्तियों को पहचानता है यह भी जानता है कि हमारे गांव में बाहर का कौन आदमी आकर किसके घर कितने दिनों से रहा है वह अपराधी है या रिश्तेदार है यह सारी जानकारियां ग्रामीण चौकीदारों के माध्यम से पुलिस थानों को मिलती थी जो आज नहीं मिल रही है अपराध और अपराधियों से चौकीदारों का लगता है कि मेल मोहब्बत हो गया है इसलिए इनकी तरफ भी जिला प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है तथा उनके दायित्वों का निर्वहन के लिए समय–समय पर इनकी बैठक भी आवश्यक है तथा इनको जिम्मेदारी बांटना भी आवश्यक है जिससे ग्रामीण जनता इनके महत्व को समझें तथा छोटी मोटी अपराधों पर अंकुश भी लगे गांव गांव में नाद खुटा की लड़ाई ,जमीनी विवाद कभी–कभी बड़ा रूप ले ले रही है जिसमें बड़े बड़े हादसे भी होते जा रहे हैं ऐसी दशा में जिला प्रशासन को इस गंभीर समस्या पर विचार करना चाहिए।



ननिहाल आए युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमित रेखा प्रतापगढ व्यूरो। थाना कंधई के गांव रसोइया मे मंगलवार की सुबह ननिहाल आए युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या ननिहाल वालो बताया कि युवक की मानसिक हालत ठीक नहीं थी पुलिस शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के गांव बरहूपुर निवासी अनुज पटेल 28 पुत्र संत कुमार पटेल बीते सोमवार को दवा लेने प्रतापगढ़ गया था देर हो जाने के कारण घर ना जाकर वह अपने ननिहाल मदन पाल गांव रसोईया कंधई के घर चला गया और मंगलवार की सुबह मदन लाल का परिवार धान की रोपाई करने खेत में चले गए कुछ देर बाद जब घर वापस आया तो अनुज को न देख इधर–उधर खोजना शुरू किए पता नही चला जब कमरे की तरह गये तो देखा कि भांजा अनुज छत के सहारे रस्सी से झूल रहा था इसकी सूचना इनके पिता देते हुए पुलिस को दी गई मामा ने बता कि अनुज का दिमागी हालत एक माह से ठीक नहीं चल रही था पिछले 14 मई को प्रीति निवासी गांव खैरा जनपद जौनपुर के साथ शादी हुई थी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा ,इधर मौत की सूचना से परिजनो में कोहराम मच गया।

सेवरही ब्लॉक प्रमुख पद के प्रत्याशी सपा उम्मीदवार चुनाव लड़ने से किया इनकार

– सपा ने पूर्व प्रमुख प्रमिला गुप्ता को बनाया था अपना ब्लाक प्रमुख पद का उम्मीदवार

अमित रेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। ब्लॉक प्रमुख चुनाव की तिथि अभी चुनाव आयोग ने घोषित नहीं किया कि तमकुही राज विधानसभा क्षेत्र के सेवरही ब्लॉक प्रमुख पद के लिए जोर शोर से तैयारी कर रही सपा प्रत्याशी प्रमिला गुप्ता पूर्व ब्लाक प्रमुख पत्नी डॉक्टर उदय नारायण गुप्ता निवर्तमान ब्लाक प्रमुख क्षेत्र में भ्रमण कर सपा के जिला स्तरीय नेताओं के साथ वार्ता की फोटो खिंचवाई लेकिन सपा में भितरघात के कारण ब्लॉक प्रमुख पद का चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। प्रेस नोट जारी करते हुए डॉक्टर उदय नारायण गुप्ता ने कहां की मेरी राजनीतिक शुरुवात 2005 में हुई ,उस समय मैं पहली बार छेत्र पंचायत सदस्य का चुनाव जीतने के बाद सेवरही ब्लॉक में उप प्रमुख का चुनाव जीता।और लगातार लोगो के साथ चलने का कार्य किया।

2010 में मेरी पत्नी प्रमिला गुप्ता ब्लॉक प्रमुख का चुनाव जीती।

चुनाव के बाद 2011 में मैं समाजवादी पार्टी में गया।

2015 के चुनाव में मैं स्वयं ब्लॉक प्रमुख का चुनाव जीता।

समाजवादी पार्टी ज्वाइन करने बाद पूरी ईमानदारी से मैं पार्टी के निर्देशों का पालन करते हुए पार्टी के लिए कार्य कर रहा हु।चाहे 2012 के चुनाव में डॉक्टर पी के राय के लिए चलना हो,या 2017 में कांग्रेस से गठबंधन के बाद कांग्रेस के प्रत्यासी अजय कुमार लल्लू के लिए चलना हो ,या 2019 के लोक सभा के चुनाव में बसपा से गठबंधन के कारण बसपा प्रत्याशी बिनोद जयसवाल के लिए चलना हो।पूरी तरह पार्टी के आदेशों को मानते हुए अपने निजी संबंधों को छोड़ कर समाजवादी पार्टी के लिए कार्य कर रहा हु। वर्तमान में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रमुख का चुनाव लडने का मन पहले से मेरा नही था,इसलिए की मेरा लक्ष्य 2022 का चुनाव है।लेकिन बहुत सारे नेता लोगो के कहने पर मैं प्रमुख के चुनाव में लगातार 45 दिनों से अपने सहयोगियों के साथ छेत्र में चलने का कार्य करते आ रहा हु। लेकिन बहुत दुख के साथ कहना पड़ रहा है जिन लोगो ने मेरा साथ देने के लिए कहा उसमे बहुत सारे लोग धोखा देने का कार्य किए।कुछ लोग मेरे साथ चलकर बाद में पलटी मारने का कार्य किए। बहुत सारे अपने साथियों को धन्यवाद देते है की विषम परिस्थितियों में भी आप लगातार मेरे साथ चलते रहे है। इसलिए मैने ये निर्णय लिया है की मेरी पत्नी प्रमिला गुप्ता प्रमुख का चुनाव नहीं लड़ेंगी। अगर कोई समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़ता है तो मैं पूरी ईमानदारी से उसके साथ रहूंगा(दूसरे लोगो के तरह धोखा देने का कार्य नही करूंगा) और पार्टी के साथ पार्टी के लोगो के साथ (जिन लोगो ने धोखा दिया,उनके साथ भी) पूरी ईमानदारी से रहूंगा और पार्टी के लिए कार्य करूंगा। अब एक ही लक्ष्य 2022 में समाजवादी पार्टी की सरकार।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष गोपेश्वर त्रिपाठी के प्रथम आगमन पर सम्मानित

अमितरेखा – कृष्णा यादव

तमकुही राज – कुशीनगर। भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष गोपेश्वर त्रिपाठी का कुशीनगर जनपद आगमन पर किसान मोर्चा कुशीनगर के तत्वाधान में पार्टी कार्यालय में सम्मानित किया गया। उक्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जनपद कुशीनगर के उपाध्यक्ष केशवपान्डेय ने प्रेस को दी तथा बताया कि त्रिपाठी के दोबारा क्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में पार्टी द्वारा जिम्मेदारी देने के बाद कुशीनगर जनपद के प्रथम आगमन पर जोरदार स्वागत हुआ साथ ही किसानों की समस्याओं पर भी चर्चाएं हुई इस अवसर पर कुशीनगर जनपद के भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता सम्मान समारोह में उपस्थित रहे।

भटनी के छोटी गण्डक नदी में तैरता दिखा शव

अमित रेखा दिनेश गुप्ता
तहसील प्रभारी

देवरिया। आज दिन मंगलवार को भटनी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत केवडाध वार्ड नं 5 के छठ घाट के समीप एक अज्ञात शव छोटी गण्डक नदी में तैरता दिखाई दिया। छोटी गंण्डक नदी से गुजर रहे किसी शख्स ने नदी की धारा के साथ बहती हुई लाश को अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर लिया। नदी की धारा में बहता हुआ शव काफी क्षत विक्षत हो गया था। वायरल वीडियो में ऐसा प्रतित हो रहा था कि शव काफी पुराना है। समाचार लिखे जाने तक उसके विषय में कोई जानकारी नहीं मिल सकी।

मिल्कीपुर:किसान इंटर कालेज में राजस्व टीम व पुलिस फोर्स की मौजूदगी में नाप जोख एवं पैमाइश

– सपा समर्थित जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी इंदू सेन यादव ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

अमित रेखा एम हसन

मिल्कीपुर अयोध्या। पूर्व सांसद स्व मित्रसेन यादव द्वारा मिल्कीपुर क्षेत्र में वर्ष 1964 में स्थापित किसान इंटर कालेज में राजस्व टीम व पुलिस फोर्स की मौजूदगी में नाप जोख एवं पैमाइश की गई । जिले के कई बार सांसद रहे पूर्व सांसद स्वर्गीय मित्रसेन यादव की बहू एवं पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव की पत्नी पूर्व ब्लाक प्रमुख इंदुसेन यादव अयोध्या जनपद से समाजवादी पार्टी की समर्थित जिला पंचायत अध्यक्ष पद की प्रत्याशी हैं। सपा समर्थित जिला पंचायत अध्यक्ष पद प्रत्याशी इंदू सेन यादव ने कहा कि सरकार और प्रशासन उनका तथा उनके समर्थकों का उत्पीड़न कर रहा है। लेकिन वह अन्याय के खिलाफ एवं गरीबों के हक के लिए हर उत्पीड़न सहने के लिए तैयार हैं। आखरी दम तक गरीबों किसानों मजदूरों की आवाज बुलंद करने के लिए तत्पर रहेगी। इस मौके पर उपजिलाधिकारी मिल्कीपुर दिग्विजय सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव, खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलजा सहित इनायत नगर पुलिस फोर्स रही मौजूद रही। काफी संख्या में ग्रामीण और सपा समर्थक भी मौजूद रहे।

पीड़िता ने लगाई न्याय की गुहार, पुलिस ने किया पिटाई

अमित रेखा – मनीष तिवारी

पिपराघाट – कुशीनगर। जनपद के पटहेरवा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपराकनक के बोदा टोला निवासी एक व्यक्ति ने पटहेरवा थाने में तैनात एक सिपाही पर पिटाई कर घायल करने का आरोप लगाया है। इसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है पीड़ित की तरफ से पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है । पिपराकनक निवासी अमीर उल हक ने बताया कि उसका पटीदार से विवाद चल रहा है अनहोनी की आशंका जताते हुए 2 दिन पहले मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी द्यरविवार को इस मामले में एक सिपाही ने थाने लाकर पिटाई की।जिससे वह घायल हो गया हालत बिगड़ने की सूचना पर परिजन पहुंचे। और उसे फाजीलनगर पीएससी ले गए। जहां उसकी हालत गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया साथ में आए पुलिसकर्मी जिला अस्पताल में घायल के भर्ती होने के बाद छोड़ कर चले गए। पीड़ित ने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है एसओ पटहेरवा सुनील कुमार सिंह ने बताया कि विवाद की सूचना पर दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया था वह व्यक्ति पहले से ही बीमार था तबीयत होने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है मारने पीटने का आरोप गलत है। वार्ड संख्या 41 जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डॉक्टर इरफान अहमद ने बताया कि आए दिन पटहेरवा थाना अध्यक्ष के द्वारा मुकदमा दर्ज कराने आए लोगों के साथ बदसलूकी से पेश आया जाता है।यह घटना काफी निंदनीय है।

अवैध गांजा के साथ पुलिस ने तस्कर को धर दबोचा

अमिट रेखा – अब्दुल आजम

गौरी श्रीराम– कुशीनगर। कुशीनगर जनपद के प्रशासन नशे के अवैध कारोबारियों पर शत–प्रतिशत अंकुश लगाने का प्रयास सदैव कर रही है। जिससे कि नशे के अवैध कारोबार को रोका जा सके। इसे रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक कुशीनगर सचिंद्र पटेल के निर्देशन में जनपद में लगातार अपराध एवं अपराधियों व अवैध नशे के कारोबारियों के विरुद्ध अभीयान चलाए जा रहे है। अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना बरवापट्टी के थानाध्यक्ष सुरेश चंद्र राव अपने पुलिस टीम के सदस्य उप निरीक्षक राघवेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल अखिलेश यादव, कांस्टेबल अमित यादव, कांस्टेबल विपिन कुमार, कांस्टेबल विनोद कुमार के साथ स्थानीय थाना क्षेत्र में वांछित अवयुक्त गढ़ के तलाश में लगे थे। तभी मुखबिर के द्वारा यह सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति अमवादीगर बंधे के रास्ते आ रहा है। सूचना का संज्ञान लेते हुए तत्काल बरवापट्टी पुलिस टीम अमवादीगर बंधे पर पहुंच जांच करने लगी तभी एक बजाज सिटी 100 मोटरसाइकिल से एक व्यक्ति आता दिखा जो पुलिस को देख मुड़ कर भागने का प्रयास करने लगा जिस पर पुलिस ने उसे धर दबोचा एवं पुलिस के द्वारा उसकी जमा तलाशी लेने पर उसके पास से 10 किलोग्राम अवैधा गांजा बरामद हुआ पूछताछ में उसने अपना नाम अजय कुशवाहा साकिन दवनहा थाना धनहा जिला पश्चिमी चंपारण बिहार बताया। थानाध्यक्ष सुरेश चंद्र राव ने बताया कि गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर स्थानीय थाने पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

थाना-बरवापट्टा
जनपद- कुशीनगर

महाराजगंज के जिला सूचना अधिकारी बने प्रभाकर मणि त्रिपाठी

अमिट रेखा सुनील पांडेय

ब्यूरो महराजगंज। महाराजगंज जनपद के जिला सूचना अधिकारी के रूप में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। काफी दिनों से महराजगंज में यह पद खाली चल रहा था। 2018 बैच पीसीएस अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी मूल रूप से सन्तकबीरनगर जिले के निवासी है लेकिन परिवार सहित वो गोराखपुर मे रहते है। जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि की पहली नियुक्ति महाराजगंज में होने के बाद बधाईयों का तांता लगा हुआ है। प्रभाकर के बड़े भाई मार्कन्डेय मणि त्रिपाठी गोरखपुर के वरिष्ठ पत्रकार तथा गोरखपुर जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के अध्यक्ष भी है।

बारिश से गिरा खपरैल का मकान, बाल–बाल बचा परिवार

– जिला पंचायत सदस्य वार्ड नंबर 35 का गिरा मकान

अमिट रेखा शक्ति ओम सिंह

खजनी गोरखपुर। रविवार को दोपहर में हुई मूसलाधार बारिश से चारो तरफ पानी ही पानी नजर आने लगा। अधिक बारिश होने के कारण सिकरीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बारी गांव में वार्ड नंबर 35 जिला पंचायत सदस्य रमेश चंद्र यादव खपरैल का मकान ढह गया। गनीमत रहा कि किसी प्रकार का कोई हताहत नही हुआ। क्योंकि खपरैल का मकान सीसीरोड पर गिरा। खपरैल का मकान आधा ढह गया। लेकिन आधे बचे हिस्से में परिवार रहने की हिम्मत नही जुटा पा रहा है। क्योंकि बारिश अपना खेल कर रही है। अगर कहीं यह भी ढह गया तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। जिसके कारण पीड़ित का परिवार अब दूसरे के घर मे शरण लेने को मजबूर है।

मिशन 2022 फतेह को लेकर बसपा सुप्रीमो ने संभाली संगठन की कमान

– पार्टी से नाराज व गलत फहमी में निकाले गये कैडर नेताओ की पार्टी में घर वापसी का सिलसिला कराया शुरू

अमिट रेखा अमित कुमार

अयोध्या। बसपा सुप्रीमो मायावती ने विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को मजबूत धार देने की दिशा में काम करना शुरू कर दिया है। उन्होंने पार्टी से नाराज होकर या फिर किसी गलतफहमी में निकाले गये कैडर के नेताओं की घर वापसी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पार्टी सुप्रीमो ने स्वयं इसके लिए पहल शुरू की है। जिससे संगठन को मजबूती मिल सके। उन्होंने प्रयागराज, वाराणसी मिर्जापुर मंडल में यह काम शुरू कर दिया है। पश्चिमी यूपी में बाहर गये पुराने नेताओं से सेक्टर प्रभारी संपर्क कर रहे हैं। मायावती ने विधानसभा चुनाव से पहले संगठन को दुरुस्त करने की कवायद तेज कर दी है। वह स्वयं प्रत्येक मंडल की समीक्षा कर रही हैं। मुख्य सेक्टर प्रभारियों को माह के अंत तक बूथ स्तर तक संगठन को दुरस्त करने को कहा है। जिससे अगले दो महीनों में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी जाएं। बसपा सुप्रीमो के निर्देश पर संगठन को बूथ स्तर तक गठन करने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। प्रयागराज मंडल का किया पुनर्गठन बसपा सुप्रीमो ने प्रयागराज मंडल का पुनर्गठन कर दिया है। इसमें पार्टी में वापस आए राजू गौतम को भी शामिल किया गया है। भीमराव अंबेडकर, डॉ. विजय प्रताप, अशोक कुमार गौतम, अमरेंद्र बहादुर पासी, डॉ. दीपचंद्र गौतम के साथ ही राजू गौतम को प्रयागराज मंडल का मुख्य सेक्टर प्रभारी बनाया गया है। राजू गौतम एक समय मायावती के विश्वासपात्रों में माने जाते थे और कई राज्यों के प्रभारी भी रह चुके हैं। उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया था, लेकिन घर वापसी की प्रक्रिया में उन्हें जोड़ा गया है। वह कैडर के नेता हैं।

युवा व्यापार मंडल दुदही का हुआ गठन

अमिट रेखा – राकेश कुमार वर्मा

दुदही– कुशीनगर। सोमवार की शाम नगर पंचायत दुदही स्थित विवाह भवन के प्रांगण में व्यापार मण्डल की एक बैठक हुयी जिसकी अध्यक्षता भगवती शरण जायसवाल व संचालन राम कुमार जायसवाल ने की। बैठक के निमित्त युवा ब्यापार मण्डल का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष कुलदीप मद्धेशिया,

महामंत्री– धीरज कुमार गुप्ता,

उपाध्यक्ष क्रमश – अविनाश गुप्ता, अजय मद्धेशिया,

संगठन मंत्री– विजय मद्धेशिया, मंत्री क्रमशः – सौरव अग्रवाल, शुभम जायसवाल,

मिडिया प्रभारी– अभिषेक कुमार गाँधी बनाये गयें। साथ ही खाली चल रहे ब्यापार मण्डल के संगठन मंत्री के पद पर आनंद राज जायसवाल का चुनाव किया गया। जिसमें सभी ब्यापारियों ने चुने गये पदाधिकारियों मुह मीठा कराकर उज्जवल भविष्य की शुभकामना दियें। इस दौरान विनोद अग्रवाल, विश्वबन्धु जायसवाल, शुनील मद्धेशिया, भाजपा युवा नेता राजन जायसवाल, भरत गुप्ता, मनोज, राजेश गुप्ता, पल्लू जायसवाल, बासुकी गुप्ता, दशरथ, रवि जायसवाल, सुमित मद्धेशिया, गोविंद, मुकेश गुप्ता, अमरनाथ जायसवाल, हरिकेश, इम्तेयाज आदी ब्यापारी गण मौजूद रहें।

REDMI K20 PRO
AI TRIPLE CAMERA

जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने ए डी जे तथा चीफ ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट,पुलिस अधीक्षक के साथ देवरिया जेल का किया निरीक्षण

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। जेल परिसर में जाकर उन्होंने कैदियों के लिए बने हुए खाने का निरीक्षण किया, चिकित्सा कक्ष में गए, रोगियों से मिले उनसे पूछताछ की तथा जेलर से इस संदर्भ में पूरी जानकारी ली । वे रोगी कक्ष भी गए तथा उन्होंने रोगी कैदियों के बारे में आवश्यक जानकारी लेते हुए सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश भी दिए। सभी उच्चाधिकारियों ने कैदियों से मुलाकात की उनकी समस्याएं सुनी, उनकी स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। कैदियों से जिलाधिकारी ने बात की और पूछा यहां के अस्पताल में कोई दिक्कत तो नहीं है, स्वास्थ्य सुविधाएं समय से मिलती है कि नहीं ए डी जे एवं मुख्य न्यायिक अधिकारी ने सभी कैदियों से उनके मामले के विधिक पहलुओं के बारे में पूछताछ की ,उनके जमानत के संदर्भ में जानकारी ली तथा उनका समाधान भी बताया। उन्होंने कुछ कैदियों के आवेदन भी स्वीकार किये तथा जेलर के माध्यम से भी दरखास्त भिजवाने की बात की गयी। इस क्रम में जिलाधिकारी ने कैदियों के टीकाकरण की स्थिति के बारे में पूछा। कितने लोगों का टीकाकरण हुआ है कितने लोग बचे हैं आदि की जानकारी ली गयी सभी उच्चाधिकारी महिला बैरक में जाकर महिला कैदियों से भी मिले। महिला कैदियों के साथ छोटे बच्चों के बारे में पूछताछ की ,उनके स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। बच्चों को पोषाहार मिलता है कि नहीं इस संदर्भ में पूछा गया तथा महिला कैदियों की समस्याएं जानी गयी। बच्चों के नियमित टीकाकरण की भी बात जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के द्वारा पूछी गई। खाना ठीक मिल रहा है कि नहीं, बीमारी के संबंधा में उचित दवाएं मिलती है कि नहीं , कोरोना का टीका लगा है कि नहीं तथा उनके खाने का निरीक्षण भी किया गया वैसे कैदी जिनके कोई रिश्तेदार नहीं है उनके बारे में सरकारी वकील की व्यवस्था के बारे में भी जाना गया इस अवसर पर मा0 ए डी जे, जिलाधिकारी एस0 राजलिंगम, मा0 सी जे एम रविकांत यादव एवं पुलिस अधीक्षक सचिंद्र पटेल व जेलर आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी एस राजलिंगम द्वारा कुशीनगर एयरपोर्ट का किया निरीक्षण

आगमन
ARRIVAL
Panasonic

अमिट रेखा – निखिल कुमार/स्वतंत्र

कसया – कुशीनगर। जिलाधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक, ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध एसडीएम कसया एयरपोर्ट पहुंचकर जलभराव की समस्या के बारे में पूछा जहां जहां जलभराव है वहां उन्होंने निरीक्षण भी किया। तथा जलभराव की समस्या के समाधान की योजना के बारे में भी उन्होंने पूछताछ की। इस संदर्भ में एक बैठक भी आयोजित की गई बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने मैप के माध्यम से जिलाधिकारी को पूरा डिटेल बताया ।रास्ते, बारिश के पानी , जल भराव तथा जल निकासी हेतु योजना के बारे में चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने इस संदर्भ में ब्लॉकेज तथा अतिक्रमण के बारे में भी जानकारी ली । पानी निकासी के संदर्भ में उन्होंने जल निगम , एयरपोर्ट अथॉरिटी , सिंचाई विभाग के अधिकारियों से सारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कहा कोई भी समाधान स्थायी होना चाहिए। जिलाधिकारी ने तकनीकी पहलुओं की भी जानकारी ली। जल निकासी की समस्या के समाधान के क्रम में उन्होंने पूछा कि क्या जल निकासी से आसपास के खेतों में पानी की समस्या या बाढ़ की समस्या तो नहीं आएगी। उन्होंने इस संदर्भ में एक कमेटी के गठन का निर्देश दिया जिसमें पीडब्ल्यूडी, बाढ़ खण्ड, राजस्व विभाग, सिंचाई विभाग, जल निगम तथा एयरपोर्ट प्राधिकरण के द्वारा नामित कोई इंजीनियर शामिल होंगे और उस कमेटी को 1 सप्ताह के अंदर रिपोर्ट बनाकर पेश करने को कहा गया । इसके बाद जिलाधिकारी ने जलजमाव की समस्या का स्थलीय निरीक्षण करके देखा तथा इस संदर्भ में विवादित समस्याओं के समाधान हेतु भी चर्चा की इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सचिंद्र पटेल, जॉइंट मजिस्ट्रेट धकसया एसडीएम पूर्ण बोरा, जल निगम के अधिकारी, सिंचाई विभाग के अधिकारी व एयरपोर्ट प्राधिकरण के अधिकारी इत्यादि मौजूद रहे।

पत्रकारों के शोषण और पत्रकार उत्पीड़न के खिलाफ पत्रकारों ने सौंपा ज्ञापन

– पत्रकार हितों से समझौता नहीं करेगी अखिल भारतीय सर्वहितकारी पत्रकार महासंघ:जिलाध्यक्ष

अमिट रेखा – रजवंत बिश्वकर्मा

खड्डा – कुशीनगर। पत्रकारों कार्यकर्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं । पत्रकारों और आईटीआई कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यों से बचने के लिए और उन्हें प्रताड़ित करने के लिए भ्रष्टाचारी तथा गलत कामों में लिप्त लोगों द्वारा उन्हें कथित और फर्जी मुकदमों में फंसाने का प्रयास किया जाता है। समय–समय पर पत्रकारों पर हमले भी होते रहते हैं जिससे पर हो रहे लगातार हमले और उनके खिलाफ षड्यंत्र के तहत फर्जी मुकदमे दर्ज करवाने के मामलों को देखते हुए अखिल भारतीय सर्वहितकारी पत्रकार महासंघ के कुशीनगर इकाई द्वारा जिला अध्यक्ष कुशीनगर रामाधार द्विवेदी के नेतृत्व में पत्रकारों ने जिलाधिकारी कुशीनगर और पुलिस अधीक्षक कुशीनगर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पत्रकारों ने बताया कि पत्रकार और आरटीआई कि अपने कार्यों को सही तरीके से संपादित ना कर पाए । ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने जिले के पदाधिकारी दिलीप जायसवाल जो कि एक सक्रिय आरटीआई कार्यकर्ता हैं पर दर्ज एक मुकदमे की तरफ अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करवाया है जिसमें एक ।छड द्वारा फर्जी तरीके से दर्ज करवाया गया है। ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच करवाते हुए दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए साथ ही मामला गलत पाए जाने पर शिकायतकर्ता पर भी कठोर कार्यवाही हो जिससे कि पत्रकार और आरटीआई कार्यकर्ताओं पर हमले कम हो सके । आपको बता दें कि पत्रकार और आरटीआई कार्यकर्ता दिलीप जायसवाल द्वारा उक्त ।छड खिलाफ 2018 से ही खबरों का प्रकाशन किया जाता रहा है और उनके गलत कार्यों के खिलाफ आवाज उठाई गई है । उक्त स्वास्थ्य कर्मी द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर ग्रामीणों का दोहन भी किया जाता था खबर प्रकाशन के बाद धन दोहन ना कर पाने से नाराज स्वास्थ्य कर्मी द्वारा इस तरह का लांछन लगाया जा रहा है साथ ही दिलीप जायसवाल द्वारा स्वास्थ्य विभाग से आरटीआई के माध्यम से विभिन्न बिंदुओं पर सूचना मांगी गई है जिससे कि संभावित है कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की मिलीभगत से ।छड द्वारा थाने में तहरीर देकर फर्जी मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। सर्वहितकारी पत्रकार महासंघ ने अधिकारियों से मांग की है कि सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर निष्पक्ष जांच करवाते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। आपको बता दें कि अखिल भारतीय सर्वहितकारी पत्रकार महासंघ पत्रकार हितों के लिए संपूर्ण भारत में मजबूती से काम कर रहा है और समय–समय पर पत्रकारों के लिए हर तरह की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहता है । संगठन के सदस्यों का कहना है कि प्रशासन इन भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ उचित एक्शन ले जिससे कि वह पत्रकारों पर हमला ना करें और यह मामला एक नजीर बने। इस अवसर पर सर्वहितकारी पत्रकार महासंघ के जिला अध्यक्ष रामाधार द्विवेदी, दिलीप जायसवाल, दिनेश कुमार ओझा, दिलीप कुमार भारती, मनिंदर कुमार, लखमुद्दीन, श्री कृष्ण शर्मा, हाजरा अंसारी, आदि के साथ दर्जनभर पत्रकार उपस्थित रहे।

203 बच्चे शारीरिक दिव्यांग व 74 बच्चे मानसिक रूप से दिव्यांग पाये गये:जिलाधिकारी

अमिटरेखा देवरिया ब्यूरो

जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने बताया है कि निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा माह जून, 2021 में वजन सप्ताह तथा 'संभव–पोषण संवर्धन की ओर एक कदम' अभियान के सम्बन्ध में कुपोषित बच्चों की पहचान हेतु विभाग द्वारा 17 से 24 जून, 2021 के मध्य सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 0–5 वर्ष के बच्चों हेतु वजन सप्ताह का आयोजन कराया गया। जिस क्रम में जनपद देवरिया में "वजन सप्ताह" का आयोजन आंगनबाड़ी केन्द्रोंध्उपयुक्त सामुदायिक स्थल पर किया गया है। वजन सप्ताह के दौरान वजन व लम्बाईध्ऊँचाई लेते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा 0–5 वर्ष के बच्चों की सूचना आयु के अनुसार वजन एवं वजन के अनुसार ऊँचाईध्लम्बाई के अनुसार एकत्रित की गयी है। इसके अतिरिक्त दिव्यांग बच्चों को भी चिन्हित किया गया है। उक्त सम्पूर्ण सूची बाल विकास परियोजना कार्यालय पर संरक्षित है। सप्ताह के उपरान्त प्राप्त सूचना को बेसलाईन माने जाने के निर्देश दिये गये हैं। जनपद देवरिया के 3243 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कुल 0–5 वर्ष के 257491 बच्चें का वजन लिया गया तथा 251453 बच्चों की लम्बाई और उँचाई ली गयी जिसमें आयु के आधार पर 220370 बच्चे सामान्य, 24959 बच्चे मध्यम अल्प वनजध्पीली श्रेणी, 6124 बच्चे गम्भीर अल्प वनजध्लाल श्रेणी में तथा लम्बाई उँचाई के आधार पर 239258 बच्चे सामान्य, 10253 बच्चे मध्यम कुपोषित मैम, 1942 बच्चे गम्भीर कुपोषित सैम पाये गये हैं। इसके अतिरिक्त 203 बच्चे शारीरिक दिव्यांग तथा 74 बच्चे मानसिक रूप से दिव्यांग पाये गये हैं। जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने यह भी निर्देशित गया है कि उक्त चिन्हांकन कार्य के उपरान्त जनपद में कुपोषण की रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान 'संभव'–पोषण संवर्धन की ओर एक कदम 01 जुलाई, 2021 से 02 अक्टूबर, 2021 के मध्य चलाया जाना है। वजन सप्ताह में चिन्हित किये गये सैम, मैम, गम्भीर अल्प वजन बच्चों के लिये निर्धारित गतिविधियां सुनिश्चित की जायेंगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा प्राथमिकता के क्रम में चिन्हित सैमध्मैम, गम्भीर अल्प वजन बच्चों के घरों पर साप्ताहिक गृह भ्रमण किया जायेगा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा आशा के साथ समन्वय स्थापित कर उक्त बच्चों का स्वास्थ्य जांच चिकित्सीय उपचार तथा उनके खान पान के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की जायेगी। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा चिन्हांकित सैम बच्चों को आवश्यकता होने पर पोषण पुनर्वास केन्द्रधचिकित्सा ईकाई में संदर्भन किया जायेगा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा सैमध्मैम तथा अति गम्भीर अल्प वजन के बच्चों को निर्धारित मात्रा में पोषाहार उपलब्ध कराया जायेगा। तीन माह के अभियान का मुख्य उद्देश्य सैम, मैम, गम्भीर अल्प वजन बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार लाना है। इस हेतु सितम्बर माह में 20–25 सितम्बर के मध्य पुनः वजन सप्ताह का आयोजन किया जाना है, जिसमें चिन्हित बच्चों के सापेक्ष प्रगति का निर्धारण किया जाय। कुपोषित बच्चों के साथ–साथ पोषण प्रोत्साहन के अन्य थीम पर भी जन जागरूकता सम्बन्धी गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। अभियान के अन्तर्गत माहवार थीम निर्धारित की गयी है। जुलाई, 2021 – मातृ पोषण, अगस्त, 2021 – जीवन के पहले 1000 दिवस, सितम्बर, 2021 – सैमध्मैम का उपचार ("पोषण माह" 2021 के साथ–साथ आयोजित करते हुए।) अभियान की समाप्ति पर पोषण की श्रेणी में आये हुए बदलाव का पुनः आकलन किया जायेगा तथा जनपद से 03 आंगनबाड़ी कार्यकत्री, 03 मुख्य सेविका, 03 बाल विकास परियोजना अधिकारी को पुरस्कृत किया जायेगा। इस कार्य में जनपद स्तर पर कार्यरत सहयोगी संस्थान– यूनीसेफ द्वारा सहयोग किया जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आयु के अनुसार वजन एवं वजन के अनुसार ऊँचाईध्लम्बाई की निगरानी हेतु प्रिन्टेड चार्ट उपलब्धा करा दिया गया है। जिलाधिकारी ने उपरोक्त निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किये जाने के साथ यह भी कहा है कि यह कार्य अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है। अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही करने वाले कार्मिक के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

गरीब बेटी की शादी करवाने का दिनेश ने उठाया बीड़ा

अमिट रेखा – रजवंत विश्वकर्मा

खडा – कुशीनगर। भले ही हमारे देश ने कितनी तरक्की कर ली हो, पर आज भी समाज में बेटियों को बोझ समझा जाता है। गरीब माता–पिता बेटी को उच्च शिक्षा दिलवाने में संकोच करते हैं और यदि गरीब परिवार की होनहार बिटिया अपने बूते उच्च शिक्षा ग्रहण करने में कामयाब हो भी जाती है तो परिजनों को बिटिया की शादी करने की चिंता हमेशा सताती रहती है। कुछ बच्चियां गरीबी की वजह से शिक्षा भी नहीं ले पातीं। ऐसे ही गरीब और जरूरतमंद परिवार की बेटियों की शादी करवाने की बीड़ा विशुनपुरा ब्लाक के पिपरा बुजुर्ग गांव के प्रधान दिनेश जायसवाल ने उठाई है। दिनेश अब तक अपने आसपास के दर्जनों गरीब बेटियों की शादी करवा चुकीं हैं। समाज मे गरीब उच निच भेदभाव को देखते ही दिनेश के अंदर समाज सेवा का भाव जागा। हालांकि,दिनेश कहते हैं ग्राम प्रधान होने पर सबसे पहले गांव के जनता जनार्दन की जिम्मेदारी को संभालने की होती है। उसके बाद ही समाज सेवा के बारे में उनके जैसी अधिकतर पूरुष सोचते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए रेखा ने पहले पारिवारिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया और अब 10 साल से इलाके में रहने वाले जरूरतमंद गरीब परिवार के बेटियों की शादी करवा रहे हैं।

समाज में बदलाव जरूरी

दिनेश जायसवाल परिवार के सहयोग से समाज सेवा में बढ़–चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। गरीब माता–पिता को हमेशा लगता है कि यदि बेटी ने पढ़ाई कर ली तो शादी करना और भी चुनौतीपूर्ण होगा। कोई भी पढ़ा–लिखा लड़का बिना मोटी रकम लिए शादी नहीं करेगा। इसी मिथ्या को तोड़ने के लिए दिनेश ने कमर कसी और उन गरीब बच्चियों की शादी का बीड़ा उठाया, जिनकी गरीबी के कारण शादी होने में दिक्कतें हो रही थी। हालांकि, वे मानती हैं कि समाज को अपना नजरिया बदलने की जरूरत है।

गरीबी की वजह से न रुके शादी

आज भी हमारे समाज में गरीब परिवार अपनी बेटियों की शादी के लिए ठोकर खा रहे हैं। अक्सर देखा जाता है कि लड़के के परिजन उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाली लड़कियों के परिवार से भी मोटी रकम की मांग कर लेते हैं। मजबूरन अपने से कम पढ़े–लिखे लड़कों से समाज में ऐसी कई लड़कियों को शादी करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। दिनेश का कहना है कि अब तो उनका एकमात्र लक्ष्य है कि समाज के गरीब बेटियों की शादी करवाना है।

सघन चेकिंग अभियान में काटा कनेक्शन

अमिट रेखा प्रताप गढ व्यूरो। पट्टी तहसील क्षेत्र के फत्तूपुर ग्राम सभा में सोमवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें तीरथराज पुत्र रामशरण वर्मा बिना कनेक्शन 3 हॉर्स पावर की मोटर चलते मिले, विभागीय कर्मचारी राकेश श्रीवास्तव और रोहित सिंह की टीम ने केवल काट दिया विद्युत कर्मी राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि केवल काट देने के बाद तीरथ राज का पुत्र ले देकर मामले को खत्म करने का प्रयास किया जब बात नहीं बनी तो बाद में देख लेने का धौंस जमाने लगा अमित पाल से बात करने पर बताया कि मामले की जानकारी हुई है 2 दिन का समय दिया गया है इसके अंदर कनेक्शन के लिए आवेदन नहीं करते हैं तो मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक तथा सम्पादक अमरनाथ पाण्डेय द्वारा अमिट प्रिन्टर्स कालेज रोड फाजिलनगर से मुद्रित ग्राम बरदहा पाण्डेय फाजिलनगर कुशीनगर से प्रकाशित।

सम्पादक
अमरनाथ पाण्डेय
मो. – 9532989009

उप सम्पादक – के.के. राय
सह. सम्पादक– चन्द्रशेखर यादव
प्रदेश प्रभारी– राजू प्रसाद श्रीवास्तव
मो0– 9792617070
विज्ञापन व्यवस्थापक– नसरूल्लाह अंसारी
प्रबंधक– निखिल कुशवाहा
ईमेल : amitrekhaksn@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।